भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 341 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 27 दिसम्बर 2021 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## मध्य प्रदेश में नहीं होंगे पंचायत चुनाव, शिवराज कैबिनेट ने राज्यपाल को भेजा प्रस्ताव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव अब टल जाएंगे। शिवराज सरकार की कैबिनेट बैठक में आज पूर्व में पारित अध्यादेश को वापस ले लिया और इसे अनुमोदन के लिए राज्यपाल को भेजा जा रहा है। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव को निरस्त करने का फैसला करेगा। वहीं, पंचायत चुनाव को टाले जाने का एक कारण यह भी माना जा रहा है कि इंदौर में ओमिक्रॉन के 8 केस सामने आए हैं। इससे शिवराज सरकार में अलर्ट में आ गई है। मध्य प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर पिछले महीने राज्य सरकार ने अध्यादेश पारित कर पंचायत चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया था जिसमें कमलनाथ सरकार के परिसीमन को निरस्त कर दिया था। इसके बाद चार दिसंबर को राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव कार्यक्रम का ऐलान किया था। तीन चरणों में पंचायत चुनाव का कार्यक्रम घोषित भी किया गया था। रविवार को कैबिनेट बैठक में नवंबर महीने के अध्यादेश के विधानसभा में पारित नहीं हो पाने की स्थिति में उसकी वापसी का प्रस्ताव रखा गया था। पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया ने प्रस्ताव रखा और कैबिनेट इसे पारित करते हुए राज्यपाल के अनुमोदन के लिए भेजा है।

# गरीबों की संपत्ति कब्जाई तो चलेगा बुलडोजर, मुख्यमंत्री






**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रदेश में अब किसी माफिया की हिम्मत नहीं कि वह गरीबों या व्यापारियों की संपत्ति पर कब्जा कर सके। अगर किसी ने कब्जा किया तो हमारा बुलडोजर तैयार है। माफिया की संपत्ति को तो ध्वस्त किया ही जाएगा, साथ ही वहां गरीबों के लिए आवास भी बनाए जाएंगे।

सीएम ने यह बातें लीडर प्रेस ग्राउंड में आयोजित माफिया अतीक अहमद के कब्जे से छुड़ाई गई जमीन पर गरीबों के लिए बनाए जाने वाले आवास के शिलान्यास कार्यक्रम में कही। इस दौरान सीएम ने गरीबों के लिए बनाए जा रहे आवास के साथ 157.78 करोड़ की 31 योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए पूर्व की अखिलेश सरकार को निशाने पर लिया। कहा कि पहले जनता के विकास के लिए आने वाला पैसा चंद लोग हड़प जाते थे। गरीबों के लिए आवास पहले भी बनाए जा सकते थे, लेकिन पूर्व की सरकारों ने ऐसा नहीं किया। क्योंकि उनकी नीयत ही साफ नहीं थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है। प्रदेश सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है।

### हर गरीब को पीएम आवास से जोड़ने का लक्ष्य

सीएम ने कहा कि हर गरीब को पीएम आवास से जोड़ने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि गरीबों के साथ-साथ बहुत से तबकों को आवास की जरूरत है। इसमें अधिवक्ता, शिक्षक, चिकित्सक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर, एएनएम आदि सहित अन्य लोग जिनके पास अपना आवास नहीं होगा, सरकार उनके साथ मिल करके उन्हें सस्ता आवास की व्यवस्था करेगी। सीएम ने कहा कि सरकार ने एक करोड़ नौजवानों को स्मार्ट फोन और टैबलेट देने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

### प्रयागराज बन रही न्याय की राजधानी

सीएम ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले प्रदेश में दंगे होते थे, लेकिन हमारी सरकार में एक भी दंगा नहीं हुआ। प्रयागराज के विकास में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, यहां की दोनों सांसद एवं सभी विधायकों का योगदान है। प्रयागराज को न्याय की राजधानी बनाने के लिए यहां पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बनाने जा रहे है।

इस दौरान सीएम ने कोरोना काल के दौरान भाजपा कार्यकताओं द्वारा की गई सेवा की सराहना भी की। कहा कि कोरोना काल में सिर्फ भाजपा के कार्यकर्ता ही लोगों की सेवा के लिए निकले, बाकी दल के लोग भय का माहौल बनाने में ही जुटे थे। जो लोग वैक्सीन का विरोध कर रहे थे, वह मानवता के खिलाफ अपराध कर रहे थे। सीएम ने कहा कि अब प्रदेश भर में 19 करोड़ से ज्यादा लोगों ने वैक्सीन लगवा ली है।

## विदेशी कंपनियों ने कोवैक्सीन की राह में अटकाए रोड़े, सीजेआई रमन्ना बोले, बायोटेक की तारीफ

**हैदराबाद।** भारत की बनाई कोविड 19 की वैक्सीन की मान्यता रास्ते में बहुत से रोड़े अटकाए गए। तमाम मल्टीनेशनल कंपनियों ने इसको मान्यता मिलने से रोकने की कोशिशें कीं। इसको लेकर डब्लूएचओ से शिकायत भी की गई। यह बातें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एनवी रमन्ना ने आज कहीं।



वह हैदराबाद में रोमिनेनी फाउंडेशन पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीजेआई जस्टिस रमन्ना ने कहाकि कोरोना की देसी वैक्सीन कोवैक्सीन को बदनाम करने की कोशिश भी खूब हुई। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक उन्होंने कहाकि इस मुहिम में फाइजर से लेकर तमाम विदेश कंपनियां शामिल थीं। उन्होंने कहाकि भारत में बनी वैक्सीन को मान्यता देने से रोकने के लिए डब्लूएचओ तक में शिकायत की गई। इस मौके पर जस्टिस रमन्ना ने भारत बायोटेक के संस्थापकों कृष्णा एला और सुचित्रा एला को फाउंडेशन की तरफ से सम्मानित भी किया। इस दौरान जस्टिस ने इन दोनों की तारीफ भी की। उन्होंने कहाकि इन दोनों ने देश को मशहूरी दिलाई और इस जगह तक पहुंचने के लिए काफी स्ट्रगल किया है। इस कार्यक्रम के दौरान जस्टिस रमन्ना ने यह भी कहाकि सभी तेलुगु लोगों को इस वैक्सीन को बनाने वाली हमारी तेलुगु कंपनी की महानता के बारे में दुनिया को बताने के लिए आगे आना चाहिए। गौरतलब है कि कोवैक्सीन की मंजूरी में लंबा समय लगा था। इस मामले में डब्लूएचओ के एक अधिकारी ने कहा था कि किसी भी वैक्सीन के इस्तेमाल की मंजूरी देने के फैसले के लिए उसका पूरी तरह से मूल्यांकन जरूरी होता है। इस प्रक्रिया में कभी-कभी अधिक समय लग सकता है।

राजनाथ बोले-

# बुरी नजर उठाने वालों के लिए बना रहे ब्रह्मोस मिसाइल

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में रविवार को ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट और रक्षा प्रौद्योगिकी एवं परीक्षण केंद्र की लैब का शिलान्यास किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि अब दुनिया मान रही है कि व्यापार के लिए कोई भी राज्य अच्छा है तो वह उत्तरप्रदेश है। नए भारत की नींव अटल बिहारी वाजपेयी ने रखी थी। अब उसका निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। अटल बिहारी ने दुनिया के विरोध के बावजूद पोखरण में परमाणु परीक्षण करके अपनी शक्ति का परिचय दिया था। भारत अब हथियार का आयातक देश नहीं,निर्यातक देश बनेगा।



सरकार इस तरफ तेजी से कार्य कर रही है। कुछ दिन पहले रूस, फ्रांस को हमने उनके माध्यम से दुनिया को संदेश दे दिया कि आओ मेक फॉर इंडिया बनाओ। ब्रह्मोस का नाम ब्रह्मपुत्र नदी के नाम से निकला। उससे ब्रह्म बना और रूस की नदी मॉस्कवा से मोस ले लिया गया। उस तरह ब्रम्होस नाम पड़ा।

इससे पहले सीएम योगी ने कहा कि रक्षामंत्री जी उन्हीं की कर्मभूमि पर स्वागत अभिनन्दन। प्रदेश में पहले डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग की घोषणा की गई, फिर डिफेंस एक्सपो का कार्यक्रम हुआ। इसके लिए रक्षामंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद। पहले जिस डिफेंस कॉरिडोर की घोषणा हुई थी,उस दिशा में हमारे प्रदेश के सभी छह नोड में कार्य शुरू हो गए हैं। 19 नवम्बर को ही प्रधानमंत्री ने झांसी में भारत डायनामिक्स यूनीट का शिलान्यास किया था ,आज यहां ब्रह्मोस के लिए रक्षामंत्री शिलान्यास कर रहे हैं। भारत दुनिया मे मैत्रीपूर्ण और करुणा का संदेश देने वाला देश है। लेकिन इसका मतलब यह नही की हमारे देश की सुरक्षा पर आंच आने देने की छूट देंगे, ऐसा नहीं है ये नया भारत है। यह किसी को छेड़ता नहीं है,लेकिन कोई छेड़ता है तो छोड़ता भी नहीं है। आज का ये कार्यक्रम हमारे 6 डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड के अंतर्गत हो रहा है रक्षा सामग्री के लिए उत्तरप्रदेश पहले से ही हो रहा था,कानपुर में होता था,लेकिन अब लखनऊ भी इसमे शामिल हो गया है। अब मुस्कराइए आप लखनऊ में हैं के साथ लखनऊ दहाड़ भी मारेगा, ब्रह्मोस मिसाइल यहां से बनेगा।

## कासगंज जनसभा में अमित शाह बोले- पहले लोग अपनी बेटियों को स्कूल भेजने से डरते

**कासगंज (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कासगंज में भाजपा की 'जन विश्वास यात्रा' रैली में शामिल हुए। अमित शाह ने कहा कि पहले लोग अपनी बेटियों को स्कूल और कॉलेज भेजने से डरते थे। 4.5 साल के अंदर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी से सारे गुंडे भाग गए। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारत माता के जयकारे से संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि ब्रज क्षेत्र भाजपा का गढ़ था, है और रहेगा। नारा दिया कि इस बार भाजपा 300 पार। शाह कहा कि कल्याण सिंह ने पहली बार उत्तर प्रदेश में सुशासन की बात कही थी। पहली बार उत्तर प्रदेश में पिछड़ों की बात की थी, पहली बार पिछड़ा समाज को अधिकार देने का काम कल्याण सिंह ने किया था। यही कल्याण सिंह जी थे, जब समय आया राम जन्मभूमि पर मंदिर बने या कुर्सी जाए तब उन्होंने दो मिनट में कुर्सी को ठुकराकर प्रभु श्रीराम के मंदिर का रास्ता साफ कर दिया था।



शाह ने कहा कि यूपी में बुआ-बबुआ ने सरकारें चलाईं। क्या ये सभी का विकास कर पाईं? सपा के राज में आपका भला होता था क्या? बसपा के राज में विकास होता था क्या? वो नहीं कर सकते, ये जातिवादी पार्टियां हैं परिवारवादी पार्टियां हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले कानून व्यवस्था खराब हो गई थी।

## यूपी विधानसभा चुनावः एक मंच से छह विधानसभा क्षेत्रों में जोश भरेंगे गृहमंत्री अमित शाह

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों के भाजपा कार्यकताओं में 30 दिसंबर को एक ही मंच से जोश भरेंगे। जन विश्वास यात्रा के लिए पार्टी नेताओं को भीड़ जुटाने के लिए लक्ष्य दे दिया है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह समेत संगठन के पदाधिकारियों ने ताकत झोंक दी है। टिकट चाहने वालों ने भी अपने समर्थकों की भीड़ जुटाने के लिए जतन करने शुरू कर दिए हैं। जनविश्वास यात्रा 30 दिसंबर को मुरादाबाद पहुंचेगी। इस यात्रा के दौरान ही मुरादाबाद के बुद्धि विहार में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा प्रस्तावित की गई है।



मुरादाबाद के जिस मैदान से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे इसी स्थान पर पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जनसभा में संबोधित कर चुके हैं। जनसभा की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो चुकी हैं। मुरादाबाद महानगर के 10 और जिले के 16 समेत सभी 26 मंडलों के पदाधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय है। सभी भाजपा पार्षदों से भी भीड़ जुटाने को कहा गया है। गृह मंत्री अमित शाह का पहले रोड शो का प्लान था इसे फिलहाल रद कर दिया गया है। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह ने जनसभा को सफल बनाने के लिए ताकत से जुटाने को कहा है। भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा समेत जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह और महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा ने भी अपने संगठन के स्तर से ताकत झोंक दी है। ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद सर्वेश सिंह, महानगर में विधायक रितेश गुप्ता, कांठ में राजेश चुन्नू भी भीड़ जुटाने की कवायद में जुटे हैं। वहीं बिलारी, कुंदरकी और मुरादाबाद देहात से टिकट चाहने वालों ने भी अपने समर्थकों तक संदेश पहुंचाना शुरू कर दिया है।

# दिल्ली में और तेज हुई कोरोना की रफ्तार, कल से नाइट कर्फ्यू का ऐलान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। कई महीनों बाद दिल्ली में संक्रमित मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसी बीच दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने राजधानी में नाइट कर्फ्यू का ऐलान कर दिया है। दिल्ली में कल यानि 27 दिसंबर से नाइट कर्फ्यू रहेगा। यह कर्फ्यू रात 11 से सुबह 5 बजे का रहेगा। दिल्ली सरकार ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर को लेकर पाबंदियों लागू करने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस सिस्टम (ग्रैप) तैयार किया है। यह ग्रेडेड रिस्पांस सिस्टम में पाबंदियां कोरोना की संक्रमण दर, सक्रिय कोरोना मरीजों की संख्या और अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या के आधार पर तय किया गया है। जिसे डीडीएमए ने पहले ही मंजूर कर चुकी है। इसका पहला चरण संक्रमण दर लगातार दो दिन 0.5 फीसदी आने पर लागू हो जाएगा। सरकार ने सोमवार से राजधानी में रात्रि कर्फ्यू लगाने की तैयारी कर ली है। इसके चलते नए साल के जश्न पर भी असर पड़ सकता है। देर रात होने वाली पार्टी और जश्न प्रभावित रहेंगे। राजधानी में दिसंबर माह में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

बता दें कि दिल्ली में रविवार को कोरोना वायरस के 290 मामले सामने आए हैं और संक्रमण से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। इस दौरान जबकि संक्रमण दर बढ़कर 0.55 प्रतिशत हो गई है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, दिल्ली में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 14,43,352 हो गई और मृतक संख्या भी बढ़कर 25,105 हो गई है। वहीं, राजधानी में वर्तमान में 1103 उपचाराधीन मरीज हैं, जिनमें से 583 होम आइसोलेशन में हैं। वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के खतरे के बीच पिछले कुछ दिनों में दिल्ली में संक्रमण के मामले बढ़े हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में अबतक ओमीक्रोन के 79 मामले दर्ज किए गए हैं। लोकनायक अस्पताल के अलावा निजी अस्पताल में ओमीक्रोन के मरीज उपचार के लिए भर्ती हैं। लोकनायक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि अबतक अस्पताल में 51 ओमीक्रोन संक्रमित मरीजों को भर्ती किया गया है, जिसमें से 40 ठीक होकर अपने घर लौट चुके हैं। दो-तीन मरीजों में बुखार और दस्त के लक्षण जरूर मिले थे, बाकी किसी मरीज में कोई लक्षण सामने नहीं आया। अस्पताल में ओमीक्रोन के उपचार के लिए भर्ती होने वाली किसी मरीज को ऑक्सीजन, आईसीयू, वेंटिलेटर बेड की आवश्यकता नहीं पड़ी।

## महाराष्ट्रः जवाहर नवोदय विद्यालय में कोरोना विस्फोट, 48 स्टूडेंट और 3 टीचर संक्रमित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कोरोना का विस्फोट हुआ है। यहां रविवार को संक्रमितों की संख्या 19 से बढ़कर 51 हो गई। स्कूल में अब तक 48 स्टूडेंट और 3 टीचर संक्रमित हो चुके हैं। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि कोरोना विस्फोट के बाद अब आवासीय स्कूल को सील कर दिया गया है। परनेल तहसील मं स्थित स्कूल में पिछले सप्ताह 19 स्टूडेंट कोरोना संक्रमित पाए गए थे। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि अधिकतर स्टूडेंट और टीचरों में संक्रमण के लक्षण नहीं हैं। परनेर तालुका के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रकाश लालगे ने कहा, "अब तक 51 लोग, 48 स्टूडेंट और 3 स्टाफ मेंबर, जवाहर नवोदय विद्यालय में कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

लागले ने बताया कि सभी को आइसोलेट कर दिया गया है और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकतर स्टूडेंट में लक्षण नहीं हैं और उनका स्वास्थ्य स्थिर है। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, सभी स्टूडेंट्स और स्टाफ मेंबर्स की आरटी-पीसीआर जांच कराई गई है। स्कूल में 5वीं से 12वीं कक्षा तक के 400 स्टूडेंट हैं।

## खबर संक्षेप

### कोटेदार की दबंगई वह मनमानी से लोग बेहाल

**मांडा।** प्रदेश की योगी सरकार गरीबों के लिए भले ही राशन की व्यवस्था उपलब्ध कराने में जुटी हो,लेकिन सरकारी राशन की दुकान पर कोटेदारों की मनमानी एवम दबंगई के कारण आए दिन हंगामे होते आ रहे हैं,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं। बतादें की मांडा ब्लॉक के बेदौली में राशन की दुकान पर शुक्रवार को सैकड़ो कार्ड धारकों ने राशन ना मिलने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। इससे लोगों में अफरा तफरी मच गई। कार्ड धारकों का आरोप है कि उक्त गांव के कोटेदार हरीलाल बिंद ने बीते दो माह से अंगूठा लगवाने के बावजूद भी राशन वितरित नहीं किया है। आरोप है कि राशन को लेकर कार्ड धारकों को प्रत्येक दिन चक्कर काटने पड़ रहे हैं। लेकिन कोटेदार द्वारा राशन वितरित नहीं किया जा रहा हैं। इसके अलावा उक्त कोटेदार आये दिन कार्ड धारकों को उच्चधिकारियों से शिकायत करने एवम राशन न देने की धमकी देकर दुकान से भगा देता है। उधर राशन को लेकर कार्ड धारकों में कोटेदार के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

## राशन को लेकर सैकड़ों कार्ड धारकों ने काटा हंगामा

अखंड भारत संदेश



राशन की दुकान पर प्रदर्शन करती महिलाएं

**जारी।** विकासखंड जसरा अंतर्गत जारी ग्राम सभा के जारी गांव कोटेदार सविता मौर्या के राशन की दुकान पर शनिवार रात्रि को सैकड़ों कार्ड धारको ने राशन न मिलने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया यही स्थिति सुबह भी देखने को मिली जब लाभार्थियों से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को राशन दिया गया । जबकि अन्य लाभार्थियों को राशन नहीं मिल सका । राशन की दुकान में मौजूद लाभार्थी दिनेश मिश्रा राजेश कुमार बिंद, शिव भोला बिंद ,ने बताया कि कोटेदार द्वारा अनियमितता की जा रही है जबकि कुछ लोगों का कहना है कि विभागीय सप्लाई स्पेक्टर की अनियमितता देखने को मिली है ।उधर कोटेदार से बात करने पर उन्होंने बताया कि हमारे यहां लगभग 886 कार्ड धारक हैं हमारे यहां लाभार्थी ज्यादा हैं हमें खाद्यान्न देरी से मिलने के कारण असुविधा हुई है चार चक्कर लगाने के बाद खाद्यान्न निजी साधन से हम अपने कोटे में ले आए हैं और रात्रि नव बजे वेबसाइट बंद होने के कारण लाभार्थियों का अंगूठा नहीं लग सका जिसके कारण असुविधा उत्पन्न हो रही है ।कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही है उधर ग्राम प्रधान रेनू बिहारी जयसवाल ने भी बताया कि विभागीय अधिकारियों की स्थिलाता के कारण खाद्यान्न विलंब से कोटेदार को मिला है जबकि इस कोटे पर लाभार्थियों की संख्या ज्यादा है यहां पर खाद्यान्न समय से नहीं पहुंचा जिसके कारण भगदड़ मची हुई है ।तो वही आपूर्ति निरीक्षक ने भी बताया कि नोटिस चस्पा कोटेदारों के यहां लगा हुआ है सभी को राशन मिलेगा शासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है ।तारीख बढ़ने के लिए मैनुअल वितरण के लिए अनुरोध किया गया है। नियमित खाद्यान्न बीस तक बटना था जिसमें निशुल्क गेहू, चावल, चना, सोयाबीन तेल ,नमक वितरण होना था परंतु विपणन गोदाम जसरा द्वारा बताया गया कि खाद्यान्न उस समय सोयाबीन तेल उपलब्ध नहीं था। इसलिए पूरे उत्तर प्रदेश में वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 23 दिसंबर कर दी गई है ।फिर भी अनुपलब्धता के कारण अंतिम तिथि शासन द्वारा 25 दिसंबर निर्धारित की गई जबकि अठाईस विक्रेताओं को जसरा व्यवहारिक रूप खाद्यान्न चौबीस पच्चीस तारीख ही विपणन गोदाम जसरा से प्राप्त हुआ यही कारण है कि खाद्यान्न सभी लाभार्थियों को समय कम होने की वजह से खाद्यान्न निर्गत नहीं किया जा सका है इसके लिए शासन को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है जिससे वितरण की अंतिम तिथि में विस्तार हो मैनुअल वितरण का आदेश प्राप्त हो जिससे वंचित लाभार्थियों को शासन की मंशा के अनुसार खाद्यान्न दिया जा सके।

## टेनिस बॉल क्रिकेट : जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल की टीम फाइनल में बनी विजेता



क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता खिलाडी

अखंड भारत संदेश

**करछना।** जिला स्तरीय प्रथम टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता विद्या वाहिनी स्कूल प्रयागराज में आयोजित की गई जिसमें जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर बनाम महर्षि विद्या मंदिर कालिंदीपुरम के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल 50 रन से विजयी होकर जिले की अव्वल टीम घोषित की गई। जिसमें यश शर्मा का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा और कप्तान शाश्वत तिवारी व अन्य मुख्य अन्य खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा । जिस पर निदेशक डॉक्टर आर पी पांडे , प्रबंधक श्री ए पी पांडे व डॉक्टर के के शुक्ला ने टीम के कोच रवि भूषण राय व टीम के प्रत्येक सदस्य को जीत की शुभकामनाएं दी। और विजेता टीम को पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इस अवसर पर बड़ी संख्या मे गणमान्य लोग एवं खेल प्रेमियो शिरकत कर खेल प्रेमियों का हौसला अफजाई की।

## गर्भवती महिलाओं को नहीं दिया जा रहा है पोषाहार, शिकायत

अखंड भारत संदेस





पोषाहार से वंचति गांव की गर्भवती महिलाएं

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत रोकडी.में गर्भधात्री होते हुए भी महिलाओं को नही मिल रहा पोषाहार व 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को भी नहीं मिल रहा पोषाहार ।बडी संख्या में महिलाओं नें गांव की आंगनवाड़ी कार्यकत्री के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने के लिए मजबूर हो रही है, सरकार की इस कल्याण कारी योजना का लाभ गर्भावस्थाके दौरान महिलाओं को नहीं दिया जा रहा, आंगनवाड़ी केन्द्र रोकडी गांव में दिसम्बर माह में महिलाओं को पोषाहार न वितरण किए जाने पर महिलाओं ने उच्च अधिकारियों का इस ओर ध्यान आकर्षित किए जाने की मांग की है ।

केंद्र पर जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा कहाँ जाता है चाहे जहाँ करें शिकायत जबकि पोषाहार समूह सखी के द्वारा वितरण होता है तो आंगनबाड़ी कार्यकत्री वहाँ ऐसा क्यों कर रही है।

### पोषाहार में बड़े पैमाने पर कि जाती है धांधलेबाजी

बाहर रहने वाले लोग लिस्ट में जुड़कर ले रहें पोषाहार का लाभ ,जो जरूरत मंद महिलाएँ उन्हे इस लाभ से वंचित होना पड़रहा है, रोकडी गांव की सामाजिक संस्था माँ सेवा संस्थान के अध्यक्ष विनायक पंडित नें सम्बंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से ध्यान इस ओर केन्द्रित किए जाने की अपील की है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक जख्मी, एक गंभीर

**शंकरगढ़।** तेरहवीं के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे बाइक सवार तीन लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए। तीनों को गंभीर चोटें आई हैं, जिसमें एक की हालत चिंताजनक बनी हुई है। यह हादसा यमुनापार के हड़ई गांव के समीप हुआ। विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर की चपेट में आने से घायल हुए सभी लोगों को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है ।जानकारी के मुताबिक यमुनापार के बिहरिया (शंकरगढ़) निवासी रामचंद्र (32) पुत्र भाईलाल, यशपाल (45) पुत्र नर्मदा प्रसाद, अमर (35) पुत्र लालाराम, तेरहवीं के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शिवराजपुर गए थे। देर शाम तीनों एक बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान हड़ई के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों लहूलुहान हो गए ।राहगीरों की सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रेफर कर दिया गया ।तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों में यशपाल का काफी खून बह चुका है। तीनों को जिला मुख्यालय भेजा गया है।

## करछना मझुआ में सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

अखंड भारत संदेस



सांस्कृतिक एवं खेल कूद महोत्सव में उपस्थित छात्र एवं छात्राएं

**करछना।** क्षेत्र के जीएस साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज मझुआ में रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल महोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के सहित राष्ट्रगान के साथ हुआ । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे चौकी प्रभारी भीरपुर शिवांशु पांडेय ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्होंने खेल खेल की भावना से खेले जाने की अपील की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे वरिष्ठ शिक्षाविद डीपी सिंह व जीएस एकैडमी नैनी की प्रबंधक ज्ञानती सिंह ने कहा कि खेलकूद की प्रतियोगिताओं में शिरकत करने से प्रतिभागी खिलाड़ियों में निखार आता है। खेल महोत्सव में क्रिकेट कबड्डी लंबी कूद दौड़ शतरंज एवं बैडमिंटन का प्रतिभागियों ने भागीदारी की। जिसमें 100 मीटर की दौड़ में पीयूष पांडेय 200 मीटर में विशाल मिश्रा 400 में अनुज यादव एवं बालिकाओं की दौड़ में 100 मीटर में सुरभि आंचल पायल प्रथम स्थान पर रही। शतरंज में शशांक अनस तथा बालिकाओं में शुभ्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । बैडमिंटन में प्रियांशी कोमल तथा संस्कार एवं आशुतोष प्रथम स्थान पर रहे। लंबी कूद में रितेश रौनक आलोक व आस्था यादव प्रथम स्थान पर रही। खेल महोत्सव में जीएस साइंस एकैडमी इंटर कॉलेज मझुआ व जीएस साइंस एकेडमी नैनी के बालक व बालिकाओं के बीच खेलकूद संपन्न हुआ । जिसमें विजई खिलाड़ियों को कालेज के प्रबंधक की ओर से पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की उप प्रधानाचार्या शीनू पांडेय की ओर से किया गया। एके-डमी के प्रबंधक डॉ एल एन सिंह व प्रधानाचार्य अवनीश श्रीवास्तव की ओर से अतिथियों समेत सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर डॉ अंकित सिंह नैनी के प्रधानाचार्य प्रवेश विश्वकर्मा ग्राम प्रधान चंदन शुक्ला ज्ञानती सिंह बीएस यादव निधि सिंह गायत्री शर्मा अजय द्विवेदी अनिकेत पांडेय मंजू चौधरी स्नेह लता फूल कुमारी श्वेता तिवारी मंजू सिंह सहित शिक्षक व शिक्षिकाओ के अलावा भारी संख्या मे अभिभावक लोग मौजूद रहे।

## पार्टी की मजबूती को सपाइयों ने किया मंथन

### नवगठित ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों को दी बधाई





बैठक में शामिल सपा नेतागण

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** समाजवादी पार्टी की ब्लाक इकाई की बैठक रविवार को श्रीपति सरयू प्रसाद जूनियर हाईस्कूल प्रांगण में आयोजित की गई। बारा विधानसभा की शंकरगढ़ ब्लाक इकाई की बैठक में नवगठित कार्यकारिणी को बधाई दी गई, साथ ही समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।

बैठक के मुख्य अतिथि बारा विधानसभा के भावी उम्मीदवार अजय भारतीय मुन्ना ने पदाधिकारियों को बधाई दी और ब्लाक कार्यकारिणी पदाधिकारियों को एकजुट होकर शंकरगढ़ क्षेत्र में पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कहा कि सभी लोग एकजुट होकर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए अभी से जुट जाएं। अध्यक्षता सपा ब्लाक अध्यक्ष राजकरन सिंह पटेल और संचालन उपाध्यक्ष पंचेश्वर त्रिपाठी व विधानसभा महासचिव अर्जुन सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर जिला सचिव अरविंद कुमार मिश्रा उर्फ गुड्डा मिश्र, कामद प्रताप सिंह, लोहिया वाहिनी जिला सचिव मुलायम सिंह यादव, भागीरथी बिंद, दुर्गा कुशवाहा, मान सिंह यादव, आरएन सिंह यादव, अनीश खान, अनुज मिश्र, विजय बागी, लाल साहब यादव, अतुल प्रकाश यादव, मीडिया प्रभारी बारा शैलेंद्र सिंह, जयराज सिंह, हंसराज सिंह, जीतू सिंह पटेल, सत्यम त्रिपाठी मौजूद रहे।



## सपा के जिला सचिव बने नरेन्द्र यादव उर्फ बबलू

### सपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर समाजवादी पार्टी प्रयागराज के जिला अध्यक्ष योगेश यादव ने नरेन्द्र यादव बबलू को समाजवादी पार्टी के जिला सचिव मनोनीत किया है। इस अवसर पर सपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। रविवार को पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त सचिव को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बबलू यादव ने कहा समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना ही मेरा लक्ष्य है। स्वागत करने वालों में डॉ महेश यादव, चन्द्रमनी पटेल, राजेश पाल, सचिन पटेल, विनोद यादव गप्पू, कशयप, मुस्सन यादव , कृष्णा सोनी, मुलायम यादव रतन, यादव सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 81 हजार की टप्पेबाजी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

### भदोही से चुराई गई मोटरसाइकिल और 42 हजार रुपये बरामद





**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने दो टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 42 हजार रुपये बरामद हुए हैं। इसके अलावा चोरी की मोटरसाइकिल भी मिली है। पूछताछ में बताया कि दोनों ने एक युवक को लिफ्ट देने के बहाने बाइक पर बैठाया और रास्ते में सामान गिराकर रुपयों से भरा बैग लेकर भाग निकले। थानाध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मौहरिया मोड़ के पास घेराबंदी कर दो टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 42 हजार रुपये, चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने 23 दिसंबर को नारीबारी स्टैंड पर एक व्यक्ति को झांसा देकर लिफ्ट दी और रास्ते में कुछ समान गिराकर उसे सामान लाने के लिए भेज दिया। जैसे ही उक्त व्यक्ति सामान लेने के लिए पीछे की तरफ गया, बाइक सवार टप्पेबाज उसका बैग लेकर भाग निकले।

भुक्तभोगी के उस बैग में 81 हजार रुपये से अधिक नगदी व अन्य सामान थे। धरे गए टप्पेबाज विपिन कुमार निषाद पुत्र स्व. मंगलाप्रसाद निषाद (मवैया, औद्योगिक क्षेत्र) और छोटू उर्फ परवेश सिंह पुत्र मुन्नू उर्फ तेज बहादुर सिंह (महुवारी, औद्योगिक क्षेत्र) ने बताया कि दोनों ने उसमें से तकरीबन 40 हजार रुपये इधर-उधर खर्च कर दिए। बरामद मोटरसाइकिल भी उक्त दोनों ने भदोही जनपद से चोरी की थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों का चालान भेज दिया है। दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस टीम की इस सफलता में नारीबारी चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह,का. विपिन कुमार चौधरी कांस्टेबल राम अवध यादव आदि लोग शामिल रहे।

## मोका मिला तो खेल जगत के शीर्ष पर कोरांव का नाम होगा : ओमसहाय



**कोरांव।** आज कोरांव विधानसभा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आहवान पर झण्डा लगायो बूथ जिताओ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ओमसहाय के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता के साथ गांव गांव झण्डा लगाते हुए समाजवादी पार्टी के निती सिद्धान्तों को बताते हुए 2022 में समाजवादी सरकार बनाने की अपील की वहीं खपटिहा खिरी में चल रहे क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल में पूरस्कार बिजेता में मूख्य अतिथि के रूप में प्रथम पुरस्कार विजेता यूवा चैलेंजर टिम को 51सौ तथा डिहार क्रिकेट क्लब टिम को25 सौ कैश के साथ सिल्ड मैडल देते हुए भावि प्रत्यासी समाजवादी पार्टी ओम सहाय ने कहा कि अगर 2022 में नौजवानों ने मौका दिया तो विधायक बनने के बाद बड़े स्टेडियम के साथ खेलकूद के लिए कोरांव में कोच की व्यवस्था कराई जाएगी जिससे यहां के नौजवानों का सलेक्शन बड़े स्तर पर होकर देश में नाम रोशन करेंगे झंडा लगाने के दौरान क्षेत्र में किसानों नौजवानों मजदूरों तथा अल्पसंख्यकों से ओमसहाय की सराहना करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है लेकिन कोरांव की जनता से अपील करता हूं विधायक बना दीजिए राधेश्याम यादव सहित अन्य पदाधिकारियों ने ओम सहाय के समाजवादी संघर्षों एवं कार्यकताओं जनता में पकड़ बनाने को लेकर प्रशंसा करते हुए ओमसहाय जिन्दाबाद के नारे भी लगाए उनके साथ में प्रमूख रूप से प्रबूद्ध सभा के जिला महासचिव आशीष मिश्रा यादवेन्द्र अहिर लोहिया वाहिनी के प्रदेश सचिव सहादत अली मासूक अहमद साफात अली नौसाद अन्सारी प्रसान्त सिंह पटेल रविंद्र गूप्ता पवन सिंह बिजय केसरी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## जन अधिकार पार्टी में महिलाओं का सम्मान सुरक्षित : स्वेता भारती



**लेडियारी।** प्रदेश की महिलाएं इस बार बहुत ही तेजी से जन अधिकार पार्टी के विचारधारा एवं कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी में सम्मिलित हो रही है ।उक्त बातें जन अधिकार पार्टी की जिला उपाध्यक्ष श्वेता भारती ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही'बताते चले की रविवार को कोरांव विधानसभा प्रभारी अनुज कुमार के नेतृत्व में महिलाएं गांव गांव जाकर पार्टी के विचारधारा को लोगो से बताया। श्वेता भारती ने आगे बतलाया कि इस बार महिलाओं युवाओं एवं किसानों का रुझान बाबू सिंह कुशवाहा की तरफ तेजी से बढ़ रहा है जिसके कारण संपूर्ण प्रदेश में जन अधिकार पार्टी का स्तर बहुत ही तेजी से बड़ा है ' जिसके कारण विरोधी पार्टियों में बेचैनी सी छा गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा का कहना है कि जब तक समानता समाज में नहीं आएगी तब तक समाज का विकास नहीं सकता'वही महिलाओं को वर्तमान में हो रहे समस्याओं से निदान हेतु बातें भी बताई ।आज समूचे प्रदेश भर में बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर है और सरकार से मंदिर मस्जिद की बातें करने में व्यस्त हैं ' उक्त मौके पर सीमा कुशवाहा, शीला मौर्य ,फोटो देवी, निर्मला कुमारी ,आशा कुशवाहा ,इंदु विश्वकर्मा, अलका नामदेव समेत दर्जनभर से अधिक महिला कार्यकर्ता मौजूद रही ।कार्यक्रम का संचालन बाबूलाल आदिवासी ने किया' कार्यकर्ता जोड़ो कार्यक्रम खीरी,भवरहा,खौरियां,पुरादत्तु, बहरईचा ,बघोल समेत कई गांव में रहा।

## मेजा में विधायक ने नव निर्मित इंटर लाकिंग सड़कों का किया लोकार्पण

अखंड भारत संदेश





**मेजा रोड।** विधायक मेजा श्रीमती नीलम करवरिया ने विधानसभा मे विधायक निधि से बनी लाखों रुपये की लागत से तीन इंटरलॉकिंग सड़कों का लोकार्पण किया। गौरतलब हो कि शनिवार को मेजा विधायक श्रीमती नीलम करवरिया ने सोरांव पांती गांव के रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित आर एस एस कार्यालय (माधव भवन) के बगल से स्पीचुवल स्कूल तक 110 मीटर 6 लाख 71 हजार की लागत और नेवढ़िया में पंडेसर भारतीया के घर से हौसला प्रसाद मिश्र के घर तक 70 मीटर 3 लाख 53 हजार की लागत तथा माड़ा विकास खंड में पुरानी पुलिस चौकी के सामने से आनंद पांडे के घर तक 11 लाख रुपए की लागत से 250 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया। लोकार्पण अवसर पर विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से जुड़ी हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पाँच साल में योगी जी की सरकार में मेजा विधान सभा में सड़कों का जाल विछाया गया है और दर्जनों सड़कें बन रही है और कई दर्जन सड़के प्रक्रिया में है। लोकार्पण के अवसर पर ईझ नित्यानंद उपाध्याय, समाजसेवी सिद्धान्त तिवारी, उरूवा प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी (टुनटुन), विजयकांत मिश्र, राहुल दुबे, पप्पू दुबे, विधायक के निजी सचिव जितेंद्र शुक्ल, गोरेलाल शुक्ल, टीएन मिश्र, सूरज पर्सिया, अनिल पटेल, बल्ली बिंद सहित दर्जनों लोग रहे। इसके अतिरिक्त सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग अनिल पाण्डेय, अवर अभियंता रवि श्रीवास्तव रहे।

## खबर संक्षेप

### जन समस्याओं को लेकर अवन्तिका विकास समिति की बैठक संपन्न

**प्रयागराज।** अवंतिका विकास समिति के तत्वावधान में रविवार को पीडीए कॉलोनी के रामलीला मैदान में कॉलोनी के संभ्रांत नागरिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक मे उपस्थित लोगों ने अपने आसपास की समस्याओं के बारे में बताते हुए शासन प्रशासन को आगाह किया कि यदि यहां की समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं होता है तो लोग सीधी कार्यवाही करने को बाध्य होंगे। संचाल४ बद्री प्रसाद मिश्रा ने किया।गंगा प्रसाद ठाकुर ने कालोनी की समस्याओ के बारे बताते हुए कहाकि नगर निगम द्वारा शुरूआती दौर मे कुछ पटी नालियों से मिट्टी तो निकाला गया परन्तु पानी निकासी की समुचित व्यवस्था न कराने से गन्दगी, दुर्गन्ध एवं मच्छरो के कारण लोगो का जीना दूभर है। नागेश त्यागी ने दूरवाणी नगर के मुख्य मार्ग मे जल भराव पर चिन्ता व्यक्त किया तो वही आर के पाण्डेय ने दूरवाणी नगर मे सीवर जाम की समस्या को गंभीर बताया। ब्रिजेन्द्र कुमार ओझा ने स्ट्रीट लाइट की समस्या से अवगत कराया बैठक में सर्वश्री विनोद शंकर तिवारी, स्वामीनाथ तिवारी, धीरेंद्र चौधरी, आर के पांण्डेय, अंकित तिवारी, सुनील साहनी, गंगा सागर मौर्य, सुधाकर पांडे, कृष्ण कांत त्रिपाठी, हरी कृष्ण मिश्रा, आदि ने भी विचार व्यक्त किया। अन्त मे बैठक के संयोजक पत्रकार गजेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी सहभागियों के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

# भूमि सुविधाओं के लिए एक हुए आचार्य बाड़ा के दोनों धड़े

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** 23 से अधिक फर्जी संस्थाओं के नाम भूमि आवंटित कराकर बेचने का आरोप लगाने वाले आचार्यबाड़ा के संतों ने रविवार को भूमि आवंटन के समय खामोशी अख्तियार कर ली। भूमि सुविधाओं के लिए आचार्यबाड़ा के दोनों विरोधी गुट एक साथ हो गए। दोनों गुटों के संतों की मौजूदगी में मेला प्रशासन ने भूमि आवंटित कर दी। इस बार 78 बीघे भूमि पर सेक्टर पांच में रामानुजनगर (आचार्यबाड़ा) बसेगा।

आचार्यबाड़ा के संतों के शिविर इस बार बदरा- सोनौटी तक बसेंगे। सूरदास मार्ग तक स्वामी रामानुज नगर बसाने के लिए भूमि आवंटित कर दी गई। मेलाधिकारी शेषमणि पांडेय को फर्जी संस्थाओं की सूची सौंपकर उन्हें ब्लैकलिस्ट करने की मांग करने वाले रामानुजनगर प्रबंध समिति आचार्यवाड़ा के उपाध्यक्ष श्रीधराचार्य, कोषाध्यक्ष घनश्यामाचार्य और महामंत्री अखिलेशाचार्य रविवार को आवंटन के दौरान खामोश रहे। पिछले वर्ष अलग होकर गठित हुए दूसरे गुट के महामंत्री कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य पर अलग-अलग नाम से कई संस्थाएं बनाने और भूमि सुविधाएं बेचने का आरोप लगाया गया था, लेकिन विरोध के बावजूद उन सभी शिविरों के लिए भूमि आवंटित कर दी गई।



माघमेला : प्रशासन द्वारा कराया गया भूमि आवंटन के समय साधु संत

### सुविधाओं के लिए जारी विवाद फिलहाल थमा

दो धड़े में बंटे आचार्यबाड़ा के संतों में भूमि सुविधाओं को लेकर विवाद फिलहाल थम गया है। रविवार को रामानुजनगर प्रबंध समिति आचार्यवाड़ा के उपाध्यक्ष श्रीधराचार्य, कोषाध्यक्ष घनश्यामाचार्य और महामंत्री अखिलेशाचार्य के अलावा दूसरे धड़े के अच्युत प्रपन्नाचार्य और कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य समेत अन्य संतों की मौजूदगी में आपस सहमति के आधार पर भूमि आवंटन आरंभ हुआ। इससे पहले मेलाधिकारी को दिए ज्ञापन में घनश्यामाचार्य ने कहा था कि अच्युत प्रपन्नाचार्य और कौशल शुक्ल (कौशलेंद्र प्रपन्नाचार्य) ने रामानुज नगर प्रबंध समिति में वर्ष 2014 में विवाद खड़ा कर दिया था। सहायक रजिस्ट्रार चिट्स फंड ने इस विवाद का निबटारा वर्ष 2020 में चुनाव कराकर खत्म करा दिया। इसके बाद इन संतों ने अखिल भारतीय रामानुज वैष्णव समिति के नाम से अलग संस्था पंजीकृत करा ली।

### आचार्यबाड़ा के संतों ने किया भूमि पूजन

संगम की रेती पर आचार्यबाड़ा के संतों ने निर्विघ्न माघ मेला कराने के लिए सविधि मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी मेला संत कुमार के अलावा कई अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। भूमि पूजन के साथ ही संतों ने अपने-अपने शिविरों की भूमि का समतलीकरण आरंभ करा दिया। अब शिविरों को बसाने का काम शुरू होगा।

## न्यूज झरोखा

### बाबूगंज के हनुमंत निकेतन मंदिर में हुआ महा मृत्युंजय जाप, हजारों की संख्या में जुटे भक्त



**फूलपुर।** फूलपुर के बाबूगंज बाजार में प्राचीन श्री हनुमंत निकेतन मंदिर के जीर्णोद्धार के उपरांत महामृत्युंजय जाप व विशाल भंडारे का आयोजन रविवार को किया गया। एक सप्ताह तक चले महामृत्युंजय जाप के उपरांत इक्कीस हजार भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराने के लिए पूरे बाबूगंज बाजार के एक किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग के एक लेन पर पांच सेक्टरों में स्टाल लगाकर सुबह दस बजे से ही क्रमबद्ध भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराने के लिए एक हजार स्वयंसेवक कार्यकताओं ने कमान संभाली। वहीं महिलाओं के लिए एक सेक्टर अलग से आरक्षित किया गया था। बता दें कि बाबूगंज बाजार निवासी दसई लाल जयसवाल महाजन के पूर्वजों ने ढाई सौ वर्ष पूर्व एक हनुमान मंदिर का निर्माण कराया था।जो जीर्ण अवस्था में सड़क चौड़ीकरण की जद में आकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। मंदिर जीर्णोद्धार के लिए परिवार के ही एक होनहार उमेश जायसवाल जो अपने माता पिता व गांव क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए करोड़ों की लागत से आकर्षक मंदिर का निर्माण कराया। जिसका निर्माण कई वर्षों से हो रहा था। मंदिर निर्माण के पश्चात मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व महामृत्युंजय जाप का आयोजन किया गया।वही हनुमान जी को एक लाख इक्यावन हजार एक सौ एक लड्डू का भोग लगाकर क्षेत्र के सैकड़ों गांव के भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सर्वेश कुमार मिश्रा, नीरज जायसवाल, भास्कर सिंह पटेल, अजय कुमार गुप्ता, सुरेंद्र मौर्य,विजयपाल, राजकुमार मोदनवाल, योगेश केसरवानी, विनोद मोदनवाल, भारत लाल जायसवाल, रविंद्र शास्त्री ,राजेंद्र पटेल सहित क्षेत्र के गणमान्य व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सामाजिक कार्यो मे भागीदारी से ही जीवन सार्थक होगा : :डा. अनु वर्मा



**जसरा।** प्रत्येक व्यक्ति कों अपने जीवन मे सार्थक विचारों के साथ सामाजिक कार्यक्रमों मे बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। सामाजिक कार्यो से न सिर्फ मानसिक संतुष्टि की अनुभूति होती हैं बल्कि व्यक्ति का जीवन भी सार्थक होता हैं उक्त अनमोल उदगार स्त्री एवम प्रसूती रोग विशेषज्ञ डा. अनु वर्मा ने रविवार कों जसरा विकास खण्ड के बसहरा गाँव जरुरतमंद लोगों कों कंबल वितरण के दौरान ग्रामीणों के सम्बोधन मे बोल रहीं थी आगे उन्होंने पांच मेधावी बेटियों कों साइकिल के साथ सौ से अधिक महिलाओ कों कंबल भी वितरित किया गया। इस अवसर पर डा वर्मा के मुताबिक जनवरी के प्रथम सप्ताह के मध्य जनपद के विभिन्न हिस्सों मे बड़े पैमाने पर कंबल, कापी बैग के साथ परीक्षा से जुड़ी पाठय सामग्री भी वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत मे मिडिया से रूबरू होनें के दौरान डा वर्मा ने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोलीं कि केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा अस्मिता सिंह सहित सम्पूर्ण टीम के तत्वाधान मे करछना स्थित चनैनी गाँव मे जनवरी प्रथम सप्ताह के अंदर कोविड प्रोटोकॉल पालन के तहत बड़े आयोजन के माध्यम से विभिन्न वितरण किये जाएंगे।इस अवसर पर रेशमा सिंह, अरुण, रामबाबू, नंदनी, रेखा, मेहंदी बानो समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

# नाव हादसे में बाल-बाल बचे ब्रिगेडियर

## नौका विहार करते समय नाव में भर गया था पानी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** रविवार की शाम सेना (रेड ईगल) के ब्रिगेडियर अनूप बेबली नाव हादसे में बाल-बाल बचे। हादसा उस समय हुआ जब ब्रिगेडियर समेत 6 लोग महेवा घाट स्थित भैरो नाथ मंदिर के पास नौका विहार कर रहे थे। सभी तैरना जानते थे, इसलिए सुरक्षित रहे लेकिन एक महिला पानी में डूबने लगी थी। किसी तरह महिला को बाहर निकाला गया और मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि नाव में सवार ज्यादातर सेना के ही थे। महिला ब्रिगेडियर की रिश्तेदार बताई जा रही है।

### नाव में अचानक पानी भरने से हुई दुर्घटना

ब्रिगेडियर अनूप बेबली, उनकी रिश्तेदार सपन जुलका समेत 6 लोग एक नाव पर सवार होकर नौका विहार कर रहे थे। नीचे से अचानक नाव में पानी भरने लगा और नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। कुछ लोग खुद तैरकर बाहर निकले तो कुछ को नाविक और मछुआरों ने सुरक्षित निकाला। वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी और तत्काल एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस के ईएमटी विनोद कुमार व पायलट बद्री प्रसाद विश्वकर्मा ने महिला सपन जुलका के पेट में भर गए पानी को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार करते हुए उन्हें तत्काल मिलिट्री हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां उनका इलाज चल रहा है।

# शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

## बोले कायस्थ समाज ने दिये स्वामी विवेकानंद से लेकर लाल बहादुर शास्त्री जैसे देशभक्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जहां एक तरफ बाहुबली अतीक की नजूल की भूमि को कब्जा मुक्त करने के बाद वहां पर गरीबों के लिए आशियाना बनाने का शिलान्यास किया। वहीं दूसरी तरफ कायस्थ पाठशाला के 150वें वर्ष में प्रवेश करने पर शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होकर कायस्थ वोटरों को भी नजर रही। उन्होंने इस दौरान कहा कि कायस्थ समाज ने स्वामी विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, डा.राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री जैसे देशभक्त दिये हैं।

**प्रदेश में हैं 3 प्रतिशत हैं कायस्थ वोटर**

एक सरकारी आंकड़े के अनुसार पूरे प्रदेश में कायस्थों की संख्या 3 प्रतिशत है। प्रदेश की लगभग तीन दर्जन सीटों पर कायस्थ वोटर जिस पार्टी को समर्थन देते रहे हैं, उस पार्टी का प्रत्याशी जीता है। जानकारी के अनुसार, सीतापुर की महमूदाबाद, लखनऊ कैंट, बरेली सिटी व कैंट, रामपुर, बनारस कैंट, गोरखपुर सिटी, कानपुर की किदवई नगर व कल्याणपुर, आजमगढ़ व प्रयागराज के शहर की उत्तरी, पश्चिमी और दक्षिणी विधानसभा सीट सहित तीन दर्जन सीटो पर कायस्थ वोटरों की संख्या किसी भी पार्टी के लिए अहम है।




कायस्थ समाज कार्यक्रम में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### एशिया का सबसे बड़ा ट्रस्ट है कायस्थ पाठशाला

कायस्थ पाठशाला केपी ट्रस्ट एशिया का सबसे बड़ा ट्रस्ट है। इसकी स्थापना 1857 के सिपाही विद्रोह के बाद प्रखर राष्ट्रवादी दादा भाई नैरोजी के सलाह पर 1872 में इलाहाबाद के मुंशी काली प्रसाद कुलभास्कर ने स्थापना की। इस ट्रस्ट के पूरे प्रदेश में 17 से ज्यादा शैक्षणिक संस्था हैं।स्नेह संस्था की अपर्णा श्रीवास्तव के अनुसार, कायस्थ पाठशाला से लाल बहादुर शास्त्री, महेश योगी, रघुपत सहाय उर्फ फिराख गोरखपुरी, गणेश शंकर विद्यार्थी, हरिवंश सराय बच्चन सहित कई गणमान्य लोग जुड़े रहे व मार्गदर्शन करते रहे। वर्तमान में ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह हैं।

# पहले की फोन पर बात, फिर केशरी नाथ से मिलने पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज आगमन के दौरान थोड़ा समय निकालकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के आवास पर पहुंची। इस दौरान वह तकरीबन 15 मिनट राज्यपाल के आवास पर रुके। यहां सीएम ने उन्हें गुलदस्ता, संतरे से भरी टोकरी एवं भगवा दुपट्टा भेंट कर उनका हालचाल लिया। सीएम से हुई मुलाकात के दौरान पूर्व राज्यपाल के परिजन एवं कुछ नजदीकी मित्र ही शामिल रहे। इस दौरान सीएम ने केशरी नाथ के जल्द स्वस्थ होने की कामना करने के साथ राजनीतिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। सीएम से इस दौरान राज्यपाल ने अरैल स्थित त्रिवेणी पुष्प स्थल को विकसित करने का सुझाव दिया। यह भी कहा कि गंगा तट को और ज्यादा आकर्षक बनाए जाने की जरूरत है। सीएम के साथ कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर सीएम ने पूर्व राज्यपाल के पुत्र नीरज त्रिपाठी, कविता यादव त्रिपाठी, शिवेंद्र मिश्र, पदुम जायसवाल, डा. एसएन त्रिपाठी से भी मुलाकात की। बता दें कि मंगलवार 21 दिसंबर को पीएम के प्रयागराज आगमन के दौरान ही सीएम ने फोन पर पूर्व राज्यपाल से वार्ता कर जल्द ही उनके आवास आने की बात कही थी।



केशरी नाथ त्रिपाठी से मिलने उनके आवास पर पहुंचे सीएम योगी

### हैलीपैड के साथ सभा स्थल पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रयागराज आगमन पर भाजपाइयों ने उनका स्वागत पुलिस लाइंस स्थित हैलीपैड पर करने के साथ कार्यक्रम स्थल पर भी किया। हैलीपैड पर उनका स्वागत शशि वार्ष्णेय, डा. एलएस ओझा, दिलीप चतुवेर्दी, अवधेश चंद्र गुप्ता आदि ने किया। उधर कार्यक्रम स्थल पर कमलेश कुमार, राजेश केसरवानी, विवेक अग्रवाल, गिरजेश मिश्र, सचिन मिश्र, श्याम प्रकाश द्विवेदी, रवि केसरवानी आदि स्वागत करने वालों में शामिल रहे।

## हाईकोर्ट : चेकबाउंस के मामले में दो साल की सजा पर रोक, जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर नगर के सिंचाई विभाग में एसडीओ के पद पर कार्यरत प्रभु नारायण राम को चेक अनादर मामले में दो साल की सजा और नौ लाख रुपये जुमार्ने के आदेश पर रोक लगा दी और शिकायत कर्ता ठेकेदार रणवीर सिंह को नोटिस जारी कर राज्य सरकार और मामले से जुड़े पक्षकारों से जवाब मांगा है। तथ्यों के मुताबिक याची की चेकबुक खो गई थी। ठेकेदार को मिली तो उसने आठ लाख, 50 हजार रुपये का चेक भरकर बैंक में जमा किया। चेक अनादर होने पर केस दाखिल किया गया। मामले में निचली अदालत ने 2018 में दो साल की सजा और नौ लाख रुपये दिए जाने का आदेश दिया। सत्र न्यायालय ने भी वही सजा बहाल रखी। जिसे हाइकोर्ट में चुनौती दी गई। मामले में अगली सुनवाई 8 फरवरी को होगी।

# होनहार ग्रामीण बच्चों को किया सम्मानित



होनहार ग्रामीण बच्चों को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** झूसी थाना अंतर्गत गांव छतनाग में आनंद कुमार निषाद (फौजी) के द्वारा संचालित आनंद एकेडमी में ग्रामीण स्तर के बच्चों को नियमित रूप से शारीरिक व बौद्धिक सहित खेलकूद आदि का प्रशिक्षण भी दिया जाता है, प्रशिक्षण के परिणाम स्वरूप आनंद एकेडमी के बालक व बालिकाओं ने जनपदीय स्तर , मंडलीय, प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिता में भाग लेकर एवं कई पदक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया, ऐसे बच्चों को सम्मानित करने के लिए एंटी क्राइम एंटी करप्शन संगठन के उच्चाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सचिव/ प्रदेश प्रभारी डॉ शैलेश श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार निषाद, मंडल महासचिव डॉ श्याम देव, जिला उपाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) मिश्रा मिश्रा, ग्राम प्रधान अशोक यादव, अभिषेक निषाद, मंगल भारती सहित गांव के गणमान्य लोग उपस्थित उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए डॉ श्रीवास्तव ने कहा कि यदि देश के प्रत्येक गांव में आनंद फौजी जैसा व्यक्ति हो जाए तो निश्चित ही देश के कर्णधार बच्चों का जीवन संवर जाएगा साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगे। निशा मिश्रा ने जोर देते हुए नारी सशक्तिकरण के लिए इन बालिकाओं को सशक्त बनाने में हर संभव मदद देने का वादा किया। अवधेश कुमार निषाद ने आमजन से इन बच्चों के लिए सहयोग की अपील किया। डॉ श्याम देव ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए आनंद कुमार फौजी को धन्यवाद दिया।

# मेजा में अट्ठारह सौ व मांडा में 513 लाइसेंसी शस्त्र धारकों की बनी सूची

**मेजा रोड।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अचार संहिता के पूर्व ही पुलिस क्षेत्र के लाइसेंसी शस्त्र धारकों से स्थानीय थाने में शस्त्र जमा करने की अपील कर रही है। पुलिस धारकों को हिदायत भी दे रही कि जिन धारकों ने शस्त्र नहीं जमा किया। उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। मेजा कोतवाल तुषार दत्त त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया है कि क्षेत्र में कुल अट्ठारह सौ लाइसेंसी शस्त्र धारक हैं। जिनमें से अभी तक केवल तीन सौ धारकों ने शस्त्र थाने में जमा किया है। अन्य धारकों से शस्त्र जमा करने को लेकर पुलिस रोजाना अपील कर रही है। उक्त कोतवाल ने कहा है कि आचार संहिता के पूर्व जिन धारकों के शस्त्र थाने में नहीं जमा किए गए,उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह मांडा प्रभारी निरीक्षक महेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में कुल 513 लाइसेंसी शस्त्र धारक हैं। पुलिस द्वारा शस्त्र जमा करने हेतु पूर्व में ही सूचना दे दी गई है। लेकिन अभी तक कुल 190 धारकों के शस्त्र थाने में जमा हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि अन्य धारकों से निरंतर अपील की जा रही है। आचार संहिता के पूर्व शस्त्र जमा ना होने की स्थिति में पुलिस आवश्यक कार्यवाही के बाध्य होगी।

बतादें की आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र की शांति व्यववस्थाओं के साथ साथ पुलिस शस्त्र धारकों से रोजाना अपील कर रही है। लेकिन धारकों का आलम यह है कि उन्हें पुलिस की अपील का कोई असर समझ नहीं आ रहा है। उधर पुलिस भी शस्त्रों के ना जमा होने पर आवश्यक कार्यवाही की बात कर रही है।

# शहादत दिवस पर संपन्न हुआ पुष्प अर्पण समारोह

## मेजा के मदरा गांव के रविशंकर यादव मणिपुर में 1998 मे हो गए थे शहीद

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा क्षेत्र के मदरा मुकुंदपुर डांडी में रविवार 26 दिसंबर को शहीद रवि शंकर यादव का पुष्प अर्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ज्ञातव्य हो कि मेजा के मदरा गांव मे 10 अक्टूबर 1965 में जन्मे शहीद रवि शंकर यादव सन 1994 में सीआरपीएफ के इंफाल मणिपुर ग्रुप सेंटर में सिपाही चालक पद पर नियुक्त हुए थे। मात्र 4 साल भी नहीं हुए की 26 दिसंबर 1998 में मणिपुर में आतंकवादी बम विस्फोट मे वह शहीद हो गए थे। जिनके शहादत दिवस पर आज पुष्प अर्पण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम मे पंहुचे पूर्व कैबिनेट मंत्री व करछना विधायक कुंवर उज्जवल रमण सिंह ने शहीद रविशंकर यादव को नमन करते हुए कहा कि शहीद रविशंकर ने देश की रक्षा करते हुए अमरत्व को प्राप्त हो गए। श्री सिंह ने आगे कहा कि शहीदों का सम्मान समाजवादी पार्टी की सरकार ही कर सकती है। 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार आते ही शहीद परिवार की मांगों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम मे भदोही से आए गायक मिश्र बंधु ने शहीदों के सम्मान में गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर जिला महासचिव संदीप पटेल, वरिष्ठ नेता लल्लन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष श्यामकृष्ण सिंह पप्पू यादव, प्रमुख प्रतिनिधि उरुवा भोला गौतम, पूर्व जि.पं.स. योगेंद्र सिंह, जि.पं.स. प्रमिल यादव, जि.पं.स. बुक्कन यादव, प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह यादव, मंडन तिवारी और शहीद रविशंकर यादव के पुत्र अनिल यादव, अधिवक्ता अखिलेश यादव व आलोक यादव, गोविन्द यादव, राजू यादव, नीरज यादव, देवराज सहित सैकड़ों की संख्या मे शहीद को पुष्प अर्पण करने वाले उपस्थित रहे।



कार्यक्रम मे शरीक हुए विधायक उज्ज्वल रमण सिंह

# कवियों के हास्य रचनाओं से श्रोता हुए ओतप्रोत

**सहसों।** पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेई एवं पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर कवि सम्मेलन आयोजित की गई जिसमें आए हुए हास्य व्यंग कवियों द्वारा रचनाओं पर श्रोता मंत्रमुग्ध होकर झूम उठे। कसेरूआ कला सहसों में शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर आर के अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर जे एन पाल के संयोजन में आयोजित कवि सम्मेलन में सर्वप्रथम उपस्थित लोगो ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एवं मदन मोहन मालवीय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया गया। इस मौके पर उपस्थित कवियों को निदेशक डॉक्टर जैन पाल ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए कवियों ने सरस्वती वंदना की तत्पश्चात देश प्रेम से ओतप्रोत कवि अमित आभास ने वीर सपूतों को याद कर श्रोताओं को रोमांचित कर दिया। उनकी पहली रचना लाल बाल पाल से अनेक लाल देश में तथा पूर्व प्रधानमंत्री के ऊपर परमाणु परीक्षण करने वाले पंडित अटल बिहारी थे आदि रचनाओं पर उपस्थित श्रोता रोमांचित होकर भारत माता के जयकारे लगाने लगे। दूसरे कवि के रूप में लाल जी देहाती आधुनिक युग में रीति-रिवाजों पर कटाक्ष करते हुए व्यंगात्मक रचना पढ़ी ।जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इसी तरह मकदुम फूलपुरी ने देश के अमर सपूतों तथा दुश्मनों पर अपनी रचनाएं पढ़कर उपस्थित लोगो से खूब तालियां बटोरी। हास्य कवि के रूप में राजकुमार अंजाना ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को खूब हंसाया ।कवि सम्मेलन का संचालन हास्य कवि धनंजय शाश्वत तथा अध्यक्षता अरविंद चतुवेर्दी ने किया ।इस अवसर पर डॉ सुनील कुमार विश्वकर्मा, डॉ आर के शर्मा, तीरथ राज सिंह, प्रवक्ता आर बी बिन्द, चंद्र प्रकाश शुक्ला आदि रहे।

# उसरी ग्राम सभा में निकली कांग्रेस की शक्ति यात्रा

## मुख्य अतिथि ने कार्यकताओं में भरा जोश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देश एवं उ0प्र0कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर सदर विधानसभा क्षेत्र के सड़वा चण्डिका विकास खण्ड के उसरी ग्रामसभा के पंचायत भवन से जगेशरगंज बाजार तक लड़की हूं लड़ सकती हूं शक्ति यात्रा का आयोजन कांग्रेस नेत्री पम्मी सिंह के नेतृत्व में किया गया।

शक्ति यात्रा में विधान सभा चुनाव 2022 हेतु कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में भारी संख्या में महिलाएं पम्मी सिंह के अगुवाई में लड़की हूँ, लड़ सकती हूं के प्लेकार्ड लेकर पदयात्रा की और प्रियंका गांधी के प्रतिज्ञा पत्र को आमजन तक पहुंचाने का काम किया। उसके उपरांत एक बैठक उसरी ग्रामसभा के पंचायत भवन में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता उसरी ग्रामसभा के प्रधान रमेश शुक्ला एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रभारी प्रतापगढ़ रणजीत सिंह सलूजा एवं छत्तीसगढ़ से आए 248 प्रतापगढ़ विधानसभा कोऑर्डिनेटर राजेंद्र शुक्ला रहे। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन पम्मी सिंह ने किया एवं आभार वरिष्ठ कांग्रेस नेता फतेह बहादुर सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नेता द्वय ने कहा कि प्रियंका गांधी जी ने महिलाओं के लिए 40 प्रतिशत विधानसभा में टिकट की घोषणा कर यह साबित कर दिया कि महिलाओं की हितैषी सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही है बाकी सब पार्टी दिखावा करती है। कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने वादा किया है कि कांग्रेस की सरकार बनने पर छात्राओं को स्मार्टफोन एवं इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी दी जाएगी।



उसरी ग्राम सभा में निकली शक्ति यात्रा में शामिल महिलाएं ।

अध्यक्षता कर रहे उसरी ग्राम सभा के प्रधान रमेश शुक्ला ने कहा कि नीरज त्रिपाठी के संघर्ष को देखकर मैं उनके साथ हूं। शक्ति यात्रा में मुख्य रूप से सुमन मिश्रा, धनपत्ति, सुनीता, माधुरी गौतम, विमला देवी, उषा पाल, सोना देवी, देव मती, उर्मिला, गीता देवी, प्रिया गौतम, नीलम, अनीता देवी, सुमित्रा देवी, मनीषा, बबीता, सुशीला पाल, इरावती, कंचन देवी, शारदा देवी, सुनीता देवी, शिव दुलारी देवी, आशा वर्मा, सरोजा वर्मा, पुट्टा देवी, उमा देवी, विजय शंकर दुबे, रामबरन वर्मा, राजेंद्र पांडेय, गजाधर प्रसाद शुक्ल आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई गई महानारायण पांडे की जयंती

## छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार को तहसील क्षेत्र के रेडीगारापुर बाजार स्थित सारिनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज के संस्थापक महानगर पांडे की 96वी जयंती सामाजिक एकता समारोह के रूप में धूमधाम से मनायी गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने मनमोहक कार्यक्रम से लोगों का मन मोह लिया।

सारिनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक महानारायण पांडे की प्रतिमा पर मौजूद लोगों ने माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दिया उसके बाद आए हुए अतिथियों का स्वागत माला पहना कर किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ईशा मिश्रा, शिवानी पांडे, शगुन, खुशी, एकता, श्रुति, गीता, रोशनी, प्रिया, आदर्श, पलक, साबरीन ने मनमोहक नृत्य तथा गीत संगीत लोगों को मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक महेंद्र पांडे ने संबोधित करते हुए लोगों से कहा कि महा नारायण पांडे एक ऐसे समय में विद्यालय की स्थापना की, जब विद्यालय की स्थापना करना और शिक्षा की अलख जगाना एक चुनौती थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रवक्ता जीआईसी जयनारायण मिश्र ने किया। कार्यक्रम में नरेंद्र पांडे, रमेश त्रिपाठी, राम प्रकाश पांडे, प्रशांत पांडे, शिवांग पांडे, मिहिर ,हिमांशु पांडे, दिलीप मिश्रा, काली तिवारी, राहुल पांडे, बिपिन चंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी प्रसाद खरे ने किया।

# सुशासन दिवस के रुप में मना अटल का जन्म दिवस



# गोल्ड व रजत मेडल अर्जित कर जनपद का नाम रोशन किए यूपीएस कटरा के बच्चे

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी में आयोजित मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2021 में मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह के बच्चों ने विभिन्न व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में चार गोल्ड मेडल अर्जित कर अपने विद्यालय के साथ जनपद का नाम भी रोशन किया है। शिक्षक मुहम्मद फरहीम तथा व्यायाम शिक्षक मनोज कुमार के मार्गदर्शन में बच्चों ने लंबी कूद बालक वर्ग जूनियर में पंकज गोल्ड मेडल, कुश्ती बालिका वर्ग में आज्ञा सिंह पटेल गोल्ड मेडल, कुश्ती बालक वर्ग में पंकज रजत मेडल, बैडमिंटन मिक्स में मुहम्मद मुनीर तथा माहिया अंसारी ने गोल्ड मेडल तथा जैनब बानो व माहिया अंसारी बालिका वर्ग बैडमिंटन डबल्स में रजत प्राप्त करके अपने विद्यालय के साथ प्रतापगढ़ का नाम रोशन किया। यह विद्यालय जनपद का एक ऐसा हाईटेक विद्यालय है जहाँ शिक्षा के छेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। बच्चे जनपद के किसी भी सामाजिक, सांस्कृतिक तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम में हमेशा बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करते हैं एवं सम्मानित होते हैं। इस उपलब्धि पर बच्चे, अभिभावक और क्षेत्रवासी गदगद हैं। प्रधानाध्यापक मुहम्मद फरहीम ने सभी बच्चों को धन्यवाद देते हुए अभिभावकों का भी आभार प्रकट किया है।

### गोल्ड व रजत मेडल के साथ बच्चे व शिक्षकगण

## व्यापारी से दो लाख की लूट करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के महुली बाजार में व्यापारी की दुकान में घुसकर बदमाशों ने दो लाख रुपये की घटना को 17 दिसम्बर को अंजाम दिया था और फरार हो गये थे। पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस व स्वाट टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर नगर कोतवाली के एलजी चैराहे के पास से दो बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया जबकि एक अन्य व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा।

गिरफ्तार अभियुक्तों में संदीप सरोज उर्फ नेता पुत्र महेश निवासी तिवारीपुर, थाना कंधई, संदीप सरोज उर्फ काका पुत्र बालेश्वर निवासी तिवारीपुर, थाना कंधई व अभिषेक वर्मा पुत्र तौलक पुत्र रमाकांत वर्मा निवासी खभोर थाना कंधई, प्रतापगढ़ शामिल रहे। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 17 दिसम्बर की शाम हमने एक अन्य साथी के साथ महुली के किराना व्यवसायी के यहां दो लाख की लूट की थी जिसे हम सभी साथियों ने आपस में बांट लिया था।

# गायत्री महामंत्र से गूंज उठा यज्ञभूमि एमबीएस स्कूल

## सुहागिनों ने सिर पर मंगल कलश रख निकाली कलश यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एम0बी0एस0 स्कूल भुपियामऊ परिसर में 14वें गायत्री यज्ञ महोत्सव का आगाज हो गया। इस दौरान गायत्री परिवार की सुहागिनों ने सिर पर मंगल कलश धारण किया तथा गायत्री परिवार के साधकों की भारी भीड़ ने विद्यालय परिसर से होते हुए क्षेत्र में दिव्य आध्यात्मिक झांकी प्रस्तुत किया।

शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में इस तीन दिवसीय आयोजन की कलश यात्रा के जरिये समाज को जागृत एवं उद्बोधित करने का प्रयास किया गया। नशा उन्मूलन, दहेज प्रथा, नारी शिक्षा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण बचाओ पर बल देने वाले सद्वाक्यों को प्रसारित किया तथा समाज बोध के प्रति प्रेरित किया तथा सामाजिक साम्यता एवं समरसता पर बल दिया गया। 21वीं सदी, नारी सदी, संस्कृति का उत्थान जहाँ है, नारी का सम्मान वहाँ है आदि नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। कलश यात्रा की झांकी देखने के लिये



एमबीएस स्कूल से सिर पर कलश उठाकर चलती महिलाएं।

लोग बड़ी संख्या में सड़क के किनारे भगवान कलश देव को प्रणाम किया। उक्त अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली एवं विद्यालय परिसर श्रद्धालुओं से आहलादित हो रहा था। अंत में विद्यालय के प्रबंधक डा0 धर्मवीर सिंह ने आये हुए लोगों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर रानीगंज विधायक धीरज ओझा, सांसद के प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता, अयोध्या प्रसाद मिश्र, ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह, भाजपा नेता राम सिंह, मनोज सिंह, विवेक दत्त मिश्रा, दुर्गा प्रसाद शुक्ल, हरिकेश सिंह चैहान, कथा व्यास विजय कांत तिवारी, डा0 डीपी सिंह, गिरीश चद्र शुक्ला, सत्यवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# आज आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विकास परियोजनाओं का करंगे लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 दिसम्बर को पूर्वान्ह 11.30 राजकीय हेलीकाप्टर द्वारा ला मार्टीनियर कालेज ग्राउण्ड लखनऊ से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे हेलीपैड ग्राम-बेलहा नया पुरवा तहसील लालगंज जनपद प्रतापगढ़ आएंगे।

दोपहर 12 बजे से अपरान्ह एक बजे तक मुख्यमंत्री जनपद की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे तथा जनविश्वास यात्रा की जनसभा में शामिल होंगे। अपरान्ह 1.05 बजे मुख्यमंत्री हेलीपैड ग्राम-बेलहा नया पुरवा से प्रस्थान कर अपरान्ह 2 बजे जनपद सीतापुर जाएंगे। उधर थानाध्यक्ष लालगंज ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नया पुरवा थाना लालगंज आगमन कार्यक्रम के डायवर्जन व पार्किग स्थल के सम्बन्ध में बताया है कि रायबरेली से प्रतापगढ़ की ओर से आने वाले वाहन रायपुर तियाई से रामपुर बावली कालाकांकर रोड संग्रामगढ़ होते हुये प्रतापगढ़ आएंगे। रायबरेली से सांगीपुर जाने वाले वाहन वाया बछवल जायेगें। प्रतापगढ़ से रायबरेली की ओर जाने वाले वाहन वर्मा नगर चैराहा से कालाकांकर रोड संग्रामगढ़ होते हुये रायबरेली जायेगें। प्रतापगढ़ से अमेठी/रायबरेली की ओर से जाने वाले वाहन इन्दिरा चैराहा लालगंज से वाया अमांवा व थाना उदयपुर से जाएंगे।

### थानाध्यक्ष लालगंज ने डायवर्जन व पार्किंग स्थल की दी जानकारी

## कांग्रेस नेता ने बीमारी के लिए की आर्थिक मदद

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 249 विधानसभा पट्टी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रसिद्ध समाजसेवी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संजय मिश्रा हमेशा क्षेत्र में लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। रविवार को वह विधानसभा क्षेत्र के सोनपुरा गांव में काली सहाय उपाध्याय की पत्नी मंजू उपाध्याय के बीमार होने की सूचना पर उनके घर पहुंचे और उनका हालचाल जाना। उन्होंने उपचार के लिए आर्थिक मदद करते हुए सहायता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा करना लोगों के बीच में यथासंभव मदद करना हमारा मुख्य कार्य है।

## विकलांग को मां बेटी ने मारकर किया घायल

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के नटोही गांव निवासी विकलांग भारत लाल पुत्र विदेश्वरी पटेल (28) वर्षीय को गांव की मां-बेटी ने मिलकर किसी बात को लेकर लाठी डंडा से मारकर बुरी तरह घायल कर दिया जिसके अंदुरुनी गम्भीर चोट आई है जिसे घायल अवस्था में उपचार के लिए पुलिस ने सीएचसी कालाकांकर भेजा। पुलिस ने तहरीर मिलने पर मां बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी रुकुमपाल सिंह ने बताया विकलांग व्यक्ति को मारना पीटना गम्भीर घटना है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की बात कही।

# सम्पूर्ण जिले में रात्रि 10 बजे से प्रातः 5 बजे तक रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देशानुसार जिला मजिस्टेªट डा0 नितिन बंसल कोविड के संक्रमण के सम्बन्ध में विशेष सतर्कता बरतने हेतु सम्पूर्ण जनपद सीमा क्षेत्र में रात्रि 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक अग्रिम आदेशों तक रात्रिकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया है। उन्होने बताया है कि कर्फ्यू के दौरान आवागमन निषिद्ध रहेगा। कर्फ्यू अवधि में आवश्यक सेवायें एवं मालवाहक वाहनों, एम्बुलेन्स आदि को आने-जाने की अनुमति होगी। कोविड से जुड़े कार्मिक, पुलिस कर्मी और रात्रि उद्योगों से सम्बन्धित कर्मियों को उनकी आई0डी0 के आधार पर आने-जाने की अनुमति रहेगी। बाजारो में मास्क नहीं, तो सामान नही के संदेश के साथ व्यापारियों को जागरूक किया जायेगा, बिना मास्क के कोई भी दुकानदार ग्राहक को सामान न दें।

शापिंग माल्स/सुपर मार्केट में बिना मास्क के विचरण न किया जाये। कोविड के संक्रमण के दृष्टिगत गांवों एवं शहरी वार्डो में निगरानी समितियों को पुनः एक्टिव किया जाये। शादी समारोहों व अन्य आयोजनों में व्यक्तियों की उपस्थिति के सम्बन्ध में बन्द स्थानों में एक समय अधिकतम 200 से अनधिक आमंत्रित अतिथियों को मास्क की अनिवार्यता, दो गज की दूरी, सेनेटाइजर का उपयोग एवं कोविड-19 प्रोटोकाल के अनुसार अन्य सावधानियों के साथ अनुमति होगी। खुले स्थानों पर एक समय में ग्राउड की क्षमता के 50 प्रतिशत तक आमंत्रित अतिथियों को मास्क की अनिवार्यत, दो गज की दूरी, सेनेटाइजर का उपयोग एवं कोविड-19 प्रोटोकाल के अनुसार अन्य सावधानियों के साथ अनुमति होगी। जिला मजिस्टेªट ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि दिये गये निर्देशों का कड़ाईपूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करायेगें, निर्देशों के अनुपालन में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए।

# अवधी काव्य संग्रह खेत-खरिहान का हुआ लोकार्पण

## सृजना साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य रत्न के अवधी कबिता संग्रह खेत-खरिहान का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार-समीक्षक डॉ० डी०पी०ओझा ने कहा कि डॉ० दयाराम मौर्य रत्न कई भाषाओं में रचना करने वाले विक्षलण साहित्यकार हैं। खेत-खरिहान काव्य संग्रह अवध क्षेत्र की भाषा-संस्कृति का दर्पण है।

अति विशिष्ट अतिथि अनिल प्रताप त्रिपाठी प्रवात ने कहा कि खेत-खरिहान काव्य संग्रह में बेल्हा की माटी की सोंधी सुगंध और मिठास है। विशिष्ट अतिथि आनंद मोहन ओझा ने कहा कि काव्य संग्रह सुकोमल भावों को प्रस्तुत करता है। यह गंभीर सर्जना का उदाहरण है। समारोह की अध्यक्षता डॉ०दयाराम मौर्य रत्न ने की। मुख्य अतिथि डी०पी०ओझा को साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रेम कुमार त्रिपाठी, काका श्री, अमरनाथ गुप्ता, अशोक अग्रहरि, राकेश कनौजिया, राम सजीवन मौर्य, रमाशंकर, श्रीनाथ मौर्य, आलोक, ओ०पी०गुप्ता, गया प्रसाद मौर्य, दिनेश कुमार, राधेश्याम दीवाना आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय ने किया।




अवधी काव्य संग्रह का विमोचन करते अतिथिगण।

# पुलिस की कार्यशैली को लेकर व्यापार मण्डल ने जताई खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के साथ प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, जिला महामंत्री संजय सोनी, नगर अध्यक्ष प्रहलाद खंडेलवाल, जिला संगठन मंत्री राहुल केसरवानी विगत दिनों महुली बाजार में लाखों की लूट से पीड़ित व्यवसाई रूपेश उमरवैश्य से तीन दिन पूर्व महुली जाकर मुलाकात की और घटित घटने की पूरी जानकारी ली।

घटने की जानकारी लेने के उपरांत जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने घटने के खुलासे के संदर्भ में पुलिस प्रशासन से फोन से संपर्क किया, जिस पर प्रशासन ने घटने का अविलम्ब खुलासा करने का आश्वासन दिया। उपरोक्त घटने के खुलासे में पुलिस प्रशासन द्वारा तन्मयता से लग जाने के उपरांत 26 दिसंबर को घटने में लिप्त तीनों अपराधियों को पकड़ कर रुपया, सामान, मोबाइल, हथियार व गाड़ी बरामद कर घटने का खुलासा किया गया। इस खुलासे से व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारीयों और व्यापारियों में हर्ष उल्लास के साथ पुलिस प्रशासन के कार्य पर प्रसन्नता हुई।

व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी सहित व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी व व्यापारी बंधु ने इस खुलासे से प्रेरित होकर जिले के पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) सुरेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) रोहित मिश्रा, क्षेत्राधिकारी अभय पांडे को बधाई दी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, प्रांतीय उपाध्यक्ष राम शंकर जायसवाल, जिला महामंत्री संजय सोनी, नगर अध्यक्ष प्रहलाद खंडेलवाल, जिला संगठन मंत्री राहुल केसरवानी एवं युवा व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष शकील अख़्तर मौजूद रहे।

## कोटेदार की दुकान बन्द देख वापस लौट रहे कार्डधारक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के समस्त कोटेदारों द्वारा एफसीआई गोदाम से 25 दिसंबर से वितरण शुरू होने वाले राशन सामग्री की निकासी तो ले लिया लेकिन अभी तक राशन वितरण शुरू नही हुआ जिसके चलते कार्डधारक लोग बैरंग कोटेदारों की दुकान से वापस लौट रहे है। जब कि पूर्व में 25 तारीख से राशन वितरण शुरू कर दिया जाता था। इस बार माह दिसंबर में 26 तारीख बीत गईं लेकिन राशन नही मिल सका।

# कोटेदार की दुकान बन्द देख वापस लौट रहे कार्डधारक

**अखंड भारत संदेश**

ब्लाक मुख्यालय कालाकांकर के समस्त कोटेदारों द्वारा एफसीआई गोदाम से 25 दिसंबर से वितरण शुरू होने वाले राशन सामग्री की निकासी तो ले लिया लेकिन अभी तक राशन वितरण शुरू नही हुआ जिसके चलते कार्डधारक लोग बैरंग कोटेदारों की दुकान से वापस लौट रहे है। जब कि पूर्व में 25 तारीख से राशन वितरण शुरू कर दिया जाता था। इस बार माह दिसंबर में 26 तारीख बीत गईं लेकिन राशन नही मिल सका। इस बाबत जब कोटेदारों से पूछा गया तो बताया कि राशन वितरण का अभी तक जिला पूर्ति अधिकारी प्रतापगढ़ के यहां से कोई आदेश नही जारी किया। आदेश जारी होने पर ही राशन का वितरण किया जा रहा ह॰।



मंच पर उपस्थित योगी आदित्यनाथ के साथ भारत माता की जय करते सांसद और विधायक गण



मुख्यमंत्री की सभा में उपस्थित जनसमुदाय

# सरकार ने जो भी वादा किया उन वादों को पूरा किया : योगी

**मुख्यमंत्री ने 87 करोड़ की लागत की कुल 99 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास कर जनपदवासियों को दी विकास की सौगात, ऐतिहासिक धरोहर को समेटे हुए यह जनपद आज विकास की जिन नई-नई ऊँचाइयां को ले करके आगे बढ़ रहा है, यह इस जनपद की धरोहर है, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योजनाओं को बिना किसी भेद-भाव के साथ हर नागरिक को उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है, आम जनमानस को सुरक्षा के साथ ही गरीब कल्याण के लिए डबल इंजन की सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रविवार को डायट मैदान मंझनपुर में आयोजित कार्यक्रम में 87 करोड़ धनराशि की लागत की कुल 99 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास कर जनपदवासियों को विकास की सौगात दिया गया मुख्यमंत्री ने भगवान गौतम बुद्ध के इस पावन धरा एवं शीतला माता के पावन धाम को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि कौशाम्बी जनपद भले ही बाद में बना हुआ जनपद है, लेकिन इतिहास इस जनपद का अत्यन्त प्राचीन है तथा ऐतिहासिक धरोहर को समेटे हुए यह जनपद आज विकास की जिन नई-नई ऊँचाइयां को ले करके आगे बढ़ रहा है, यह इस जनपद की धरोहर है। उन्होंने कहा कि लोकप्रिय विधायकगण जनप्रतिनिधिगण निरन्तर परिश्रम एवं प्रयास कर शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओ को गांव गरीब, किसान एवं महिलाओ तक निरन्तर पहुॅचाने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने 87 करोड़ लागत की कुल 99 विकास की परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास पर कौशाम्बी जनपदवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।



जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की ऑन, बान एवं शान की रक्षा करते हुए गरीबों के कल्याण के लिए अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय की व्यवस्था, निःशुल्क विद्युत का कनेक्शन, उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन एवं निःशुल्क आयुष्मान भारत योजना आदि योजनायें बिना किसी भेद-भाव के हर नागरिक को उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट लागू किये जा रहे हैं, धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है, आम जनमानस को सुरक्षा के साथ ही गरीब कल्याण के लिए डबल इंजन की सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए निःशुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी जनपद के लगभग 50 हजार परिवारों को एक-एक आवास मिला है तथा कौशाम्बी जनपद की हर सड़क चौड़ी एवं अच्छी हो गयी है उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में हर सड़क का चौड़ीकरण एंव अच्छी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को निःशुल्क राशन के साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है तथा सबको निःशुल्क कोरोना का वैक्सीन लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोंगो ने वैक्सीन अभी तक नहीं लगवायी है, वे सभी लोग कोरोना की वैक्सीन अवश्य लगवा लें, यह वैक्सीन कोरोना महामारी से बचाव का सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में जिन माफियाओं द्वारा लोगों की जमीन हड़प करके हवेलियां बनायी गयी थी, उन्हें प्रदेश सरकार के बुलडोजर द्वारा गिरा दिया गया है, आज उन्हीं माफियाओं से मुक्त करायी गयी जमीन पर, गरीबों के लिए आवास बनाये जाने के कार्य का शुभारम्भ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रयागराज तक ही सीमित नहीं होगा, बल्कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में जिन गरीबों के पास आवास नहीं है एवं जमीन नहीं है, उन गरीबों को माफियाओं से मुक्त करायी गयी, जमीन पर आवास की सुविधा देने का कार्य सरकार करेंगी। उन्होंने कहा कि भव्य राम मन्दिर का निर्माण हो रहा है, कावड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा के साथ ही प्रयागराज में भव्य एवं दिब्य कुम्भ का आयोजन किया गया, जिसकी प्रशंसा विदेशां में भी की गयी, यही हमारी विरासत है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो भी वादा किया, उन वादों को पूरा किया तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स की नीति पर कार्य किया जा रहा है। उन्हांने कहा कि सरकार बिना रूके। निरन्तर आमजन की सेवा कर रही है। कोविड-19 के दौरान भी सरकार ने आमजन की सेवा करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद कौशाम्बी में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन भव्य रूप से किया गया, जिसमें जनपद के लगभग 10 हजार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। एक-एक गांव में खिलाड़ियां की फौज खड़ी हो गयी, जब इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा आगे बढ़ेगी तो ओलम्पिक में भी हमारे खिलाड़ी आगे बढेंगे, यही खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम एंव एशियन गेम में भी पदक लेकर आयेंगें। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा में उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं तथा मेडिकल कॉलेजों के निर्माण में भी जो कार्य किये जा रहे हैं, ये अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो कहा वो करके दिखाया तथा आमजन को राशन के साथ ही एक किलो दाल, एक किलो खाद्य तेल एवं एक किलो नमक दिया जा रहा है और भी सामग्री उपलब्ध कराये जाने का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि आप चिन्ता मत करिये, आपकी चिन्ता सरकार कर रही है।

कार्यक्रम को राज्यमंत्री भारत सरकार साध्वी निरन्जन ज्योति सांसद विनोद सोनकर विधायकगण संजय कुमार गुप्ता शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल लाल बहादुर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अनीता त्रिपाठी दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गदा भेंट करते चायल विधायक संजय गुप्ता

## गुंडों माफियाओं को धूल चटाने का योगी सरकार ने किया काम : विधायक संजय गुप्ता

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने आज प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के आगमन पर अपनी विधानसभा के 74 सेक्टरों से अपार जनसैलाब लेकर ढोल नगाड़ों के साथ जन विश्वास यात्रा कार्यक्रम में शिरकत किये सभी कार्यकताओं में जोश का माहौल रहा योगी आदित्यनाथ संजय गुप्ता के जिंदाबाद भाजपा जिंदाबाद कहो दिल से संजय गुप्ता फिर से के नारे लगाते रहे विधायक श्री गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि याद करिए की 2017 के पहले की सरकार और आज आज की योगी बाबा की सरकार प्रदेश के योगी सरकार में गुंडा और माफिया राज का सफाया हो चुका है अब गुंडई करने से पहले योगी का डंडा नजर आता है जो 50 साल में नहीं हुआ वह हमारी सरकार ने 5 साल में ही कर दिखाया अब जनता ने फिर से योगी सरकार बनाने का मन बना लिया क्योंकि यह सब लोग जान चुके हैं अब गुंडे माफियाओं को अब पनपने नहीं देनाा है क्योकि पूर्वर्ती सरकर में हमारी बहन बेटियो परिवार के साथ लूट हत्या बलात्कार हुए हैं उन सब का हिसाब योगी सरकार ने ही लिया है संजय विधायक ने कहा कि 2022 में हमारी फिर से भाजपा की सरकार बनेगी क्योंकि आम जनता का समर्थन हमें प्राप्त हो रहा है।

## विवाहिता के हत्यारों की नहीं हो सकी गिरफ्तारी

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर गांव में विवाहिता प्रियंका देवी को जहर खिलाकर ससुराली जनों ने मौत के घाट उतार दिया था घटना को कई दिन बीत चुके हैं मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन विवाहिता के हत्यारों की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है।

दहेज लोभियों के ऊपर शासन चाहे जितना शिकंजा कसने का प्रयास करें लेकिन दहेज लोभी कानून को मानने को तैयार नहीं है बल्कि दहेज के लालची अपराध का दंड भुगतने को तैयार हैं आए दिन कौशांबी में दहेज की बलिवेदी पर विवाहिताए चढ़ रही हैं कुछ मामलों में तो पुलिस मुकदमा दर्ज कर लेती हैं लेकिन तमाम मामलों में दहेज लोगों को दंड नहीं मिल पाता है।

बता दे कि मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा गांव निवासी गया प्रसाद विश्वकर्मा ने अपनी बेटी प्रियंका देवी की शादी 15 नवंबर 2017 को चरवा थाना क्षेत्र के समसपुर निवासी कुलदीप विश्वकर्मा पुत्र रामनंद विश्वकर्मा के साथ हिंदू रीति रिवाज से की थी शादी में हैसियत के अनुसार पिता ने स्वागत बारात में खर्च कर दान दहेज दिया था ससुराली जनों के सम्मान में बेटी के परिजनों ने कोई कमी नहीं रखी थी लेकिन दहेज के लालची ससुराली जनों ने प्रियंका के ससुराल पहुंचते ही दहेज की अतिरिक्त मांग शुरू कर दी लगातार उस पर ससुराल से लाखों रुपए लाने की मांग की जा रही थी जिसे देने में प्रियंका के माता-पिता ने असमर्थता जाहिर की लेकिन दहेज लोभियों का मुंह दानवों की तरह बढ़ता गया इस बीच कई बार पुलिस थाना से लेकर बिरादरी के बीच में पंचायत भी हुई लेकिन दहेज लोभी अपनी जिद पर अड़े रहे दहेज की मांग को लेकर आए दिन प्रियंका देवी के साथ अत्याचार मारपीट उत्पीड़न किया जाता रहा बात बात पर उसे ताने देकर मानसिक उत्पीड़न किया जाता रहा जिसकी शिकायत बार-बार वह मायके में करती रही जब दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो प्रियंका की सास ससुर जेठ जेठानी देवर पति ने एक राय होकर प्रियंका देवी को जहरीला पदार्थ खिला दिया जिससे वह तड़पने लगी और कुछ देर में उसकी मौत हो गई घटना को कई दिन बीत चुके हैं लेकिन दहेज लोभी हत्यारों की पुलिस गिरफ्तारी नहीं कर सकी हैं।

## शौच करने गए युवक की रेल लाइन के किनारे मिली लाश

**कोखराज थाना क्षेत्र के मरधरा रेल लाइन के पास पूर्व में भी मिल चुकी है कई लाश जिनका नहीं हो सका खुलासा**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी के अंर्तगत मरधरा के पास रेल लाइन पार कर रहे एक युवक को ट्रेन की टक्कर लगने से मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही मौके पर परिजन आसपास के ग्रामीणों और पुलिस पहुंच गई है युवक की शिनाख्त कराने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हालांकि युवक की मौत पर ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चचाएं हैं वैसे इस स्थान पर इसके पहले भी कई युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है रेल लाइन मरधरा के पास पूर्व में कई लाश मिलने के मामले में पुलिस ने वर्षो बीत जाने के बाद भी खुलासा नहीं किया है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के मरधरा गांव के पास रेल लाइन के किनारे रामू सरोज उम्र 18 वर्ष पुत्र मुन्नू लाल सरोज शौच करने गया था जहां उसकी लाश मिली है ग्रामीण युवक की मौत संदिग्ध परिस्थिति में बता रहे हैं ग्रामीणों ने युवक की मौत की सूचना स्थानीय पुलिस को दी है मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## लाखों खर्च करने के बाद पांडाल तक नहीं पहुंच सके नेताजी!

**धरे रह गए माफिया से विधायक बनने के ख्वाब**

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के डायट मैदान में उत्तर प्रदेश सरकार के सीएम योगी एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे इस मौके पर चायल विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद के दो नए प्रबल दावेदार माफियाओं को पुलिस ने सभास्थल के पांडाल में जाने से रोक दिया। इन माफियाओ को चायल क्षेत्र से विधायकी का ख्वाब दिखाकर लाखों खर्च कराए गए हैं लेकिन माफिया से विधायक बनने के ख्वाब रखने वाले यह नेताजी योगी के आगमन पर पंडाल में नहीं पहुंच सके पांडाल में न पहुंच पाने पर नेताजी मायूस हो गए हैं और उनके चेहरे पर हवाइयां उड़ने लगी हैं तमाम जनता ने उनसे सवाल पूछा है लेकिन माफिया से विधायकी का ख्वाब देखने वाले इस नेताजी को जवाब नहीं सुना है।

## न्यूज झरोखा

### बथुई गांव में आयोजित कुश्ती में नामी-गिरामी पहलवानों ने लिया हिस्सा



**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बथुई में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में विशाल दंगल कुश्ती का आयोजन किया गया है इस दंगल मैदान में सैकड़ों पहलवानों ने एक दूसरे से हाथ मिलाकर कुश्ती लड़ी है रोचक दंगल को देखने के लिए इलाके के हजारों लोग मौके पर उपस्थित हुए हैं कई कुश्तियां बड़ी रोचक रही जिन पर लोगों ने ताली बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया है अखाड़ा के मैदान में जीतने वाले पहलवानों को नगद इनाम और अंग वस्त्र देकर उनका हौसला अफजाई किया गया है कार्यक्रम में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष राकेश चौधरी ने उपस्थित लोगों को जनसंख्या नियंत्रण कानून के विषय में जानकारी दिया और 28 दिसंबर अयोध्या जाने के लिए भी अपील की दंगल के मैदान में कुश्ती जीतने वाले कई पहलवानों के 10 हजार रुपए का इनाम भी दिया गया दंगल कार्यक्रम को देखने के लिए जिला उपाध्यक्ष कमलेश सिंह ग्राम प्रधान धर्मेंद्र यादव सहित इलाके के गणमान्य व्यक्ति ग्राम प्रधान नेता अधिकारी हजारो आम जनमानस मौजूद रहे।

### डिस्ट्रिक्ट शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न



**कौशांबी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में व-20 डिस्ट्रिक्ट शतरंज चयन प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती ज्ञान मंदिर शिक्षण संस्थान विजिया चौराहा में किया गया यह प्रतियोगिता 5 चरण में की गई प्रतियोगिता के परिणाम में बालक वर्ग में पहला स्थान अनमोल सिंह और दूसरे स्थान पर आभाष त्रिपाठी रही तीसरे स्थान पर हिमांशु द्विवेदी चौथे स्थान पर भानू प्रकाश पांचवां हिमांशु मिश्रा को मिला है। बालिका वर्ग में पहला स्थान आरती द्विवेदी दूसरे स्थान पर रूचिका तीसरे स्थान गुड़िया द्विवेदी रही चौथे स्थान पर अंशिका रही कार्यक्रम में सचिव राघवेंद्र शुक्ला स्वधा द्विवेदी विधालय प्रधानाचार्य राजेश प्रसाद यादव और श्री चंद्र मौजूद रहे सचिव ने बताया कि झांसी में हो रही 29/30दिसम्बर व- 20 यूं पी स्टेट चेस चैंपियनशिप में चार बालक और बालिकाओं का चयन किया गया जो कौशांबी का प्रतिनिधित्व करेंगे अगला टैलेंट हंट शनिवार 1 तारीख को सरस्वती ज्ञान मंदिर सवरो करारी में होगा।

## ग्रामीण सफाई कर्मियों ने बचाई नगर पालिका की लाज

**कौशांबी।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन की सूचना मिलने के बाद उनके हेलीपैड के स्थान से लेकर मंझनपुर सभा स्थल तक गंदगी व्याप्त थी जिस पर अधिकारियों ने अधिशासी अधिकारी मंझनपुर को फटकार लगाते हुए व्यवस्था चाक-चौबंद करने का निर्देश दिया लेकिन नगरपालिका योगी के आगमन के पूर्व साफ सफाई करने में सफल नहीं हो सका जिस पर ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों को गांव गांव से बुलाया गया और नगर पालिका क्षेत्र की सफाई का पजिम्मा सौंपा गया जब ग्रामीण सफाई कर्मियों ने नगर पालिका क्षेत्र में सफाई का जिम्मा संभाला तब योगी के आने वाले क्षेत्र की सफाई हो सकी है यदि ग्रामीण क्षेत्र के सफाई कर्मी इस मौके पर न बुलाए जाते तो नगरपालिका मंझनपुर के अधिशासी अधिकारी की जमकर छीछालेदर होती।

## भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाते हुए मायावती के पक्ष में करना है मतदान : पूर्व राज्य मंत्री

अखंड भारत संदेश

**पूर्व काबीना मंत्री इंद्रजीत सरोज पर जमकर बरसे पूर्व राज्य मंत्री बसपा बाबूलाल भंवरा, कहा कि चायल विधानसभा की जनसभा में मौजूद भीड़ ने साबित कर दिया कि चायल प्रत्याशी को कोई नहीं है हराने वाला**



**तिल्हापुर मोड कौशाम्बी।** बहुजन समाज पार्टी की चायल तहसील क्षेत्र के मखाऊ पुर में आयोजित बसपा की विशाल जनसभा में अपार भीड़ देखकर पूर्व राज्य मंत्री बाबूलाल भंवरा ने कहा कि सभा में आई भीड़ ने साबित कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अतुल द्विवेदी की जीत सुनिश्चित है उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व काबीना मंत्री इंद्रजीत सरोज पर जमकर निशाना साधा है उन्होंने कहा कि जमीन से जिसे बहन मायावती ने उठाकर काबीना मंत्री बना दिया है वह जब मायावती का नहीं हुआ तो वह आम जनता का क्या होगा उन्होंने इंद्रजीत सरोज पर निशाना साधते हुए कहा कि इनसे सावधान रहने की जरूरत है यह मौका परस्त और दलबदलू नेता है भाजपा सरकार के विकास कार्यों पर भी उन्होंने जमकर निशाना साधा है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी की जनसभा में जिस तरह से मतदाताओं की भीड़ एकत्रित हो रही है भीड़ देखकर विरोधी दल के नेताओं के पसीने छूट जाएंगे उन्होंने कहा कि बसपा की जनसभा में उमड़ी भीड़ देखकर यह लगता है कि विपक्षी राजनीतिक दल के प्रत्याशियों की आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में जमानत जप्त हो जाएगी उन्होंने कहा कि चायल विधानसभा की धरती पर बसपा प्रत्याशी अतुल द्विवेदी को अब कोई हराने वाला नहीं है उन्होंने अपने को पासी समाज का बेटा कहते हुए जहां पासी मतदाताओं पर जादू चलाने का प्रयास किया है वहीं उन्होंने पासी समाज के तमाम महापुरुषों को नमन करते हुए उन्होंने मंच के माध्यम से दलित मतदाताओं के समूह को बसपा में लाने का भरसक प्रयास किया है कहा कि दलित समुदाय के लोग आज सम्मान पूर्वक जीवन जी रहे हैं उन्हें वोट देने का अधिकार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने दिलाया है। भीमराव अंबेडकर ने दलित समाज के लोगों को वोट देने का अधिकार दिलाया है जिसके लिए हर पार्टी के नेता उनके वोट से अपनी सरकार बनाना चाहते हैं। लेकिन दलित लोगों को अन्य पार्टियों के छलावा पर नहीं आना है और भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाते हुए मायावती के पक्ष में मतदान करना है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दारू की बोतल में दलित समुदाय का वोट लेने वाला अब कोई नहीं है दलित समुदाय के लोग जाग चुके हैं और अपने अधिकार की कीमत पहचानते हैं। उन्होंने पासी समाज के बिजली पासी लाखन पासी सहित तमाम महापुरुषों राजाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि अपने समाज का राज वापस चाहते हो तो हाथी के सामने की बटन दबाकर बसपा प्रत्याशी अतुल द्विवेदी को भारी मतों से विजई बनाएं इस मौके पर उन्होंने बहुजन समाज पार्टी के कार्यकाल में किए गए विकास कार्य और जनहित की योजनाओं का बखूबी बखान कर बसपा से खिसक रहे जनाधार को साधने का प्रयास किया है कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष संतोष गौतम महेंद्र गौतम मैदान सिह पटेल राजू गौतम गुलाब चमार पूर्व विधायक दयाराम पासी अमीर काजी देवेन्द्र सिंह पटेल शुक्रुलाल निर्मल अतुल द्विवेदी डॉ नीतू कनौजिया सन्तोष त्रिपाठी राम भवन सरोज राजा सरोज दिलीप चौधरी फूलचन्द्र सरोज अखिलेश सरोज हरिलाल बौद्ध मोतीलाल अंबेडकर सहित तमाम लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया है।

## सम्पादकीय

# जांच पर रहे फोकस

कानून-व्यवस्था की मशीनरी का प्रमुख होने के नाते मुख्यमंत्री का पूरा फोकस जांच का सही ढंग से आगे बढ़ना सुनिश्चित करने पर होना चाहिए, लेकिन वह जांच होने से पहले ही अपने ऐसे निष्कर्ष सुना रहे हैं, जिनसे जांच के प्रभावित होने की आशंका बन जाती है। लुधियाना कोर्ट में गुरुवार को हुए धमाके ने पंजाब के चुनावी माहौल को थोड़ा और गरमा दिया है। इससे पहले वहां अमृतसर और फिर कपूरथला में कथित बेअदबी के बाद लिंचिंग की घटनाओं को लेकर भी काफी बयानबाजी हुई। हालांकि ये घटनाएं काफी गंभीर हैं और इन्हें चुनावी जंग का हथियार बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन चुनावों के दौरान हर चीज के चुनावी इस्तेमाल की अपने यहां परंपरा सी बन गई है। इन घटनाओं के इर्दगिर्द भी यही परंपरा मजबूत होती हुई दिखी। लुधियाना ब्लास्ट के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने कहा कि संभव है इस ब्लास्ट का उस ड्रग्स केस से कोई कनेक्शन हो, जिसमें पंजाब के पूर्व मंत्री और अकाली नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया की गिरफ्तारी हुई। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ ताकतें चुनावों से ठीक पहले प्रदेश का माहौल खराब करने के लिए जानबूझकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रही हैं। हालांकि ब्लास्ट की जांच अभी शुरू ही हुई है और ऐसे में मुख्यमंत्री को इस तरह के बयान देने चाहिए या नहीं, यह एक अलग सवाल है। फिर भी थोड़ी देर को अगर मुख्यमंत्री चन्नी की आशंकाओं को पूरी तरह सच मान लिया जाए तो भी यह जिम्मेदारी उन्हीं की बनती है कि वे ऐसी घटनाएं रोकने के पुख्ता इंतजाम करें और जो घटना हो चुकी है उसके दोषियों का पता लगाकर उन्हें सजा दिलाएं।

इसमें कोई शक नहीं कि पंजाब लंबे समय तक आतंकवाद और धार्मिक कट्टरपंथ की आग में जलकर निकला है। आज भी सीमावर्ती राज्य होने की वजह से उसकी स्थिति काफी संवेदनशील मानी जाती है। ड्रग्स कारोबार की जकड़न भी वहां काफी मजबूत है। इन सबके अलावा चुनावों से पहले ऐसी माहौल बिगाड़ने वाली घटनाओं की भी वहां पृष्ठभूमि रही है। 2017 के विधानसभा चुनाव के वक्त भी वहां माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई थी। ऐसे में जहां कानून-व्यवस्था की मशीनरी को और ज्यादा सतर्क होना चाहिए वहीं राजनीतिक बिरादरी को भी अपनी प्रतिक्रियाओं में थोड़ा ज्यादा संयत और परिपक्व दिखना चाहिए। अफसोस की बात है कि पंजाब में इन दोनों चीजों की कमी दिख रही है। कानून-व्यवस्था की मशीनरी का प्रमुख होने के नाते मुख्यमंत्री का पूरा फोकस जांच का सही ढंग से आगे बढ़ना सुनिश्चित करने पर होना चाहिए, लेकिन वह जांच होने से पहले ही अपने ऐसे निष्कर्ष सुना रहे हैं, जिनसे जांच के प्रभावित होने की आशंका बन जाती है। दूसरी ओर, राजनीतिक बिरादरी की प्रतिक्रियाएं भी लिंचिंग रोकने की जरूरत से कम और बेअदबी से आहत भावनाओं का चुनावी इस्तेमाल करने की मंशा से ज्यादा प्रेरित नजर आईं। बहरहाल, प्रदेश और देश के हक में जरूरी है कि चुनावी प्राथमिकताओं का इन आपराधिक घटनाओं की जांच-पड़ताल के साथ कोई घालमेल न होने दिया जाए। इस बिंदु पर जरा सी भी असावधानी पंजाब के उन तीन करोड़ लोगों के लिए भारी पड़ सकती है, जो बड़ी मुश्किल से एक बेहद कठिन दौर से उबरे हैं।

# तीसरी लहर अवश्यंभावी है तो अभी से सचेत हो जाएं

**के एम झा**

लगभग एक माह पूर्व दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रान ने अब तक दुनिया के साठ से अधिक देशों को अपनी चपेट में ले लिया है । भारत में भी 16 से अधिक राज्यों में ओमिक्रान पांव पसार चुका है और वहां ओमिक्रान संक्रमण के तीन सौ से अधिक मामले सामने आ चुके हैं । साथ ही यह आशंका भी बराबर बनी हुई है कि आने वाले दिनों में यह संख्या तेजी से बढ़ सकती है क्योंकि वैज्ञानिकों ने पहले ही यह चेतावनी दे दी है कि ओमिक्रान वैरिएंट से संक्रमण की रफ्तार डेल्टा वैरिएंट की तुलना में दस गुना भी हो सकती है यद्यपि वैज्ञानिकों की इस चेतावनी के बीच सुकून देने वाली यह खबर? भी आ रही है कि कोरोनावायरस के ओमिक्रान वेरिएंट के संक्रमण ??की डरावनी रफ्तार के बावजूद ओमिक्रान वैरिएंट से संक्रमित लगभग सभी लोग स्वस्थ हो कर घर लौट रहे हैं। लेकिन हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि दक्षिण अफ्रीका के माध्यम से सारी दुनिया को ओमिक्रान वेरिएंट का पता चलने के बाद अभी मात्र एक माह ही हुआ है। इतने कम समय में ही अनेक विकसित देशों में ओमिक्रान का सामुदायिक संक्रमण तेजी फैलने की खबरें भी मिलने लगी हैं। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में ओमिक्रान संक्रमितों की संख्या में जिस तेज रफ्तार से इजाफा हो रहा है उसने वहां की सरकारों को चिंता में डाल दिया है। ब्रिटेन में कोरोना संक्रमण के एक लाख मामले रोज मिल रहे हैं। आस्ट्रेलिया में भी इसी गति से संक्रमण फैलने की आशंका ने वहां की सरकार को चिंता में डाल रखा है ।भारत में भी अब यह आशंका व्यक्त की जाने लगी है कि कोरोना की तीसरी लहर अवश्यंभावी है और नए साल के शुरूआती एक दो महिनों में ही ओमिक्रान वेरिएंट का बढ़ता संक्रमण कोरोनावायरस की तीसरी लहर में बदल सकता है।

चिकित्सकों के अखिल भारतीय संगठन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा जे एस जयलाल ने कोरोना की तीसरी लहर के खतरे के प्रति सचेत करते हुए कहा है कि हमें कोरोना की तीसरी लहर के खतरे को देखते हुए अधिक से अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है । इसके साथ ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने चिकित्सकों , स्वास्थ्य कर्मियों और सफाई कर्मियों सहित सभी फ्रंटलाइन वर्कर्स और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को वैक्सीन की बूस्टर देने और बच्चों के लिए टीकाकरण अभियान जल्द प्रारंभ करने की आवश्यकता जताई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गत दिवस संपन्न हुई उच्च स्तरीय बैठक में कोरोना की तीसरी लहर आने की स्थिति में उसका सामना करने के लिए प्रभावी रणनीति पर विचार किया गया । इसीलिए तारतम्य में केंद्र सरकार की ओर से सभी राज्य सरकारों को कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए अभी से सारी तैयारियां करने के लिए कहा गया है । प्रधानमंत्री ने सभी राज्य सरकारों से शीघ्रतिशीघ्र वयस्कों के पूर्ण टीकाकरण का लक्ष्य अर्जित की आवश्यकता पर बल दिया है। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए केंद्र की ओर से राज्य सरकारों को सभी एहतियाती कदम उठाने के लिए एडवाइजरी भी जारी कर दी गई है। मध्यप्रदेश में शिवराज सरकार ने 36 दिनों के बाद एक बार फिर तत्काल प्रभाव से रात्रि कालीन कर्फ्यू लागू करने की घोषणा कर दी है। ओमिक्रान को नियंत्रित रखने के लिए इसी तरह के कदम दूसरे राज्यों की सरकारों के द्वारा भी उठाए जा सकते हैं। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के चलते दिल्ली सरकार ने क्रिसमस और नए साल के मौके पर भीड़ भरे आयोजनों को प्रतिबंधित कर दिया है । नीति आयोग के सदस्य वी के पाल पहले ही यह कह चुके हैं कि सरकार ओमिक्रान वेरिएंट के प्रभावों का बारीकी से अध्ययन कर रही है। वी के पाल ने स्वीकार किया है कि यदि ओमिक्रा न के स्वरूप में और बदलाव होता है तो वह चिंता का विषय बन सकता है । एम्स के निदेशक डॉ रणदीप गुलेरिया का मानना है कि टीकाकरण और कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन ही ओमिक्रान से बचाव का एकमात्र उपाय है ।

यहां यह भी विशेष ध्यान देने योग्य बात है कि अनेक देशों में अभी भी कोरोना का डेल्टा वैरिएंट संक्रमण फैला रहा है और अब इसका ओमिक्रान वेरिएंट डेल्टा वैरिएंट से भी ज्यादा भयावह रफ्तार से संक्रमण फैलाने लगा है। डेल्टा और ओमिक्रान वेरिएंट का संक्रमण एक साथ फैलने से जो स्थिति निर्मित हुई है उसे यूरोपीय देशों में डेल्मीक्रान लहर का नाम दिया जा रहा है और अब भारत में भी डेल्टा वैरिएंट के साथ ही अगर ओमिक्रान से संक्रमण के मामले बढ़ते हैं तो यहां भी डेल्मीकान लहर की मौजूदगी का अहसास होने लगेगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिस तरह अभी से राज्य सरकारों को सचेत कर दिया है उसके कारण ओमिक्रान वेरिएंट के दुष्प्रभावों की आशंकाएं क्षीण हो सकती हैं परंतु हमें हर स्थिति के लिए तैयार रहने की अपरिहार्यता को समझना होगा । कोरोना वैक्सीन की बूस्टर डोज और बच्चों का भी टीकाकरण प्रारंभ करने के जो सुझाव चिकित्सा विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के द्वारा केंद्र सरकार को दिए जा रहे हैं उनकी उपादेयता पर भी विचार करने का समय आ चुका है ।

केंद्र सरकार अभी इस संबंध में संभवतः विश्व स्वास्थ्य संगठन के निदेशों की प्रतीक्षा कर रही है । ऐसा प्रतीत होता है कि स्वास्थ्य संगठन भी शायद अभी यह तय नहीं कर पाया है कि ? ओमिक्रान वैरिएंट मानवजाति के लिए कितना घातक हो सकता है लेकिन सभी देश इस बारे में एकमत हैं कि टीकाकरण और कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन ही ओमिक्रान से सुरक्षा दिला सकता है। यहां यह भी गौर करने लायक बात है कि देश के अधिकांश राज्यों की आबादी जब कोरोना की दूसरी लहर की विभीषिका से जूझ रही थी तब पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया प्रगति पर थी और उस समय? भीड़ भरी चुनाव रैलियों को लेकर मद्रास हाई कोर्ट ने राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग के विरुद्ध कठोर टिप्पणियां की थीं जिसके बाद पश्चिम बंगाल में सभी दलों ने अपनी चुनाव रैलियों को रद्द करने का फैसला किया था। आज एक बार फिर वही स्थिति निर्मित हो चुकी है । अगले साल की पहली छमाही में जब पुनः देश के पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं तब ओमिक्रान वैरिएंट के कारण कोरोना की तीसरी लहर को वैज्ञानिक अवश्यंभावी बता रहे हैं। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने तो ओमिक्रान वैरिएंट के संक्रमण की तेज रफ्तार को देखते हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव टालने का सुझाव दिया है। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने राजनीतिक दलों से कहा है कि वे बड़ी बड़ी चुनाव रैलियों का आयोजन करने के बजाय इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों और समाचार पत्रों के जरिए चुनाव प्रचार करें। इलाहाबाद हाइकोर्ट का सुझाव निश्चित रूप से स्वागतेय है जिसे सभी राजनीतिक दलों को मानना चाहिए ताकि उनकी भीड़ भरी चुनाव रैलियां उन राज्यों में ओमिक्रान के संक्रमण का विस्तार का कारण न सकें।

# आस्था का वैश्विक केंद्र कैसे बने अयोध्या, धार्मिक महत्व के ज्यादातर स्थल उपेक्षित हैं

**अवधेश कुमार**

अयोध्या इस समय केवल भारत नहीं, संपूर्ण विश्व के हिंदुओं के लिए धार्मिक-सांस्कृतिक दृष्टि से शायद सबसे बड़ा आकर्षण केंद्र है। बीजेपी और संघ परिवार ने श्रीरामजन्मभूमि मंदिर को भारत के सांस्कृतिक पुनरुद?भव के प्रतीक के रूप में महिमामंडित किया है। उच्चतम न्यायालय की ओर से श्रीराम जन्मभूमि के पक्ष में फैसला दिए जाने के पहले से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी की सरकार अपने निर्णयों और कदमों से यह प्रचारित करने की कोशिश करती रही है कि अयोध्या को भव्य स्वरूप देकर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गरिमा की पुनर्वापसी कराना उनका एक प्रमुख अजेंडा है। फैजाबाद की जगह अयोध्या नामकरण, सरयू घाट का सुंदरीकरण, महाआरती, लाखों दीपों की माला से दीपावली का आयोजन आदि उसी का हिस्सा हैं।

**जमीनी हकीकत**

हाल ही में अपने सप्ताह भर के अयोध्या प्रवास में मैंने निकट से जो कुछ देखा, उसके बाद यह निष्कर्ष देना कठिन है कि जिन कल्पनाओं की चर्चा है, क्या वे वाकई उसी रूप में धरातल पर साकार हो रही हैं। लेकिन इसमें दो राय नहीं कि काफी काम हुए हैं। अयोध्या जैसे घने और पुरानी शैली के मंदिर और मकानों वाले शहर को नया रूप देने में वैसे भी समय लगेगा। नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, घुमावदार गलियों और उनसे लगे मकानों के पुनर्निर्माण आदि में भी वक्त लगना है। लेकिन बहुत कुछ ऐसा है जिसे आसानी से किया जा सकता है। अयोध्या में रामायण काल से जुड़े सांस्कृतिक पुरातात्विक और धार्मिक महत्व के ज्यादातर स्थल उपेक्षित हैं। ये देखरेख के अभाव में वीभत्स चित्र उपस्थित करते हैं। उदाहरण के लिए, मणि पर्वत एक प्रसिद्ध स्थल है। आपको वहां पहुंचते ही धक्का लगेगा। वही पुरानी, जीर्ण-शीर्ण सीढ़ियां, जिन पर बुजुर्गों के लिए चलना कठिन। ऊपर आपको खतरे का आधा मिटा हुआ बोर्ड दिखेगा। मान्यता है कि अयोध्या के वैभव का स्रोत मणि पर्वत ही था।

यही स्थिति संपूर्ण अयोध्या और रामायण से जुड़े आसपास के ज्यादातर स्थलों की है। विद्या कुंड, जहां सरस्वती के निवास की कल्पना है, चारों ओर गंदगी का ऐसा अंबार है कि आप खड़े नहीं हो सकते। यहां से थोड़ी दूरी पर भरत तपस्या स्थली और राम-भरत मिलाप के केंद्र नंदीग्राम की दुर्दशा देख आंखों में आंसू आ जाते हैं। भरतकुंड में इतनी गंदगी है कि आप अंजलि में जल उठा कर आचमन तक नहीं कर सकते। सरयू घाट पहले से काफी बेहतर हुआ है। महाआरती ठीक तरीके से होती है। सरयू से पंपों द्वारा पानी को निकालकर बनाया गया छोटा जलप्रपात नई पीढ़ी के लिए मनोरंजन और रोमांच का स्थान बन रहा है। कम पानी में तैरने और सेल्फी आदि के लिए यह एक बेहतर स्थान हो सकता है। लेकिन अभी भी देश और दुनिया भर से कर्मकांड के लिए आने वाले लोगों की सारी व्यवस्थाएं पहले जैसी हैं। कल्पना करिए, विदेशी पर्यटक पंडितों की टूटी-फूटी, ईंट-पत्थर लगी हुई चौकियां देखेंगे तो वह भारत के बारे में कैसी छवि लेकर जाएंगे! सरयू घाट पर कुछ सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी हो तो लगातार उन सीढ़ियों को पानी से धोया जा सकता है, जहां पूजन सामग्री लोगों के पैरों की गंदगी बनी रहती है। अयोध्या में सबको परेशान करने वाली एक और समस्या है सुरक्षा के नाम पर होने वाली पुलिस की अति। संपूर्ण विश्व के लोगों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अरबों रुपये मंदिर निर्माण के लिए दिया। लेकिन ट्रस्ट के लोग भी पुलिस के सामने कमजोर दिखाई पड़ते हैं। जन्मभूमि में आरती के लिए ट्रस्ट को 30 लोगों का पास बनाने की अनुमति है। पुलिस या प्रशासन के लोग बिना उनसे पास लिए भी, जितनी संख्या में चाहें लोगों को अंदर ले जा सकते हैं। अंदर साफ दिखाई पड़ता है कि 150- 200 लोग आरती के समय उपस्थित रहें तो कोई समस्या नहीं होगी। बैठने के लिए कुर्सियों की संख्या ही 80 के आसपास है।

ट्रस्ट के लोग बताते हैं कि आगंतुकों की संख्या 30 तक सीमित करने का कोई तार्किक आधार नहीं। मंदिर के अंदर ट्रस्ट ने एक प्रतिनिधि रखा है ताकि कोई प्रमुख व्यक्ति आए तो वह कंट्रोल रूम को सूचित करे और उसकी इजाजत से उसे अंदर ले जाए। कई अवसर आए हैं जब यह आदेश नहीं मिला। दरअसल, अयोध्या प्रशासन का हर अधिकारी क्षेत्र के लिए वीआईपी की हैसियत रखता है। इन अधिकारियों की गाड़ियां सीधे राम मंदिर तक जाती हैं। परिवार सहित वे या उनके रिश्तेदार, परिचित दर्शन कर आराम से लौटते हैं। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लोगों का कहना है कि सुरक्षा की दृष्टि से उनकी गाड़ियां कहीं भी जाएं, लेकिन जब वे आरती में शामिल होने आते हैं तो वह ट्रस्ट के माध्यम से होना चाहिए। इस अनुरोध को वे सुनने को तैयार नहीं हैं। किसी भी तीर्थ या पर्यटन स्थल की छवि मुख्यतः आगंतुकों के साथ पुलिस प्रशासन और आम लोगों के व्यवहार पर निर्भर करती है। यह विषय ऐसा है, जिसकी नए सिरे से समीक्षा की जानी चाहिए। कौन वीआईपी है, कौन नहीं, इसका भी निर्धारण किया जाना आवश्यक है।

**जमीन की चढ़ती कीमतें**

देशभर के प्रॉपर्टी व्यवसायियों ने यहां सक्रियता बढ़ा दी है। अयोध्या और इसके इर्द-गिर्द अकल्पनीय ऊंचे दामों पर जमीन की खरीद-बिक्री भविष्य की दृष्टि से भयभीत करती है। राम मंदिर आंदोलन तक यहां संगठनों और मंचों की सक्रियता थी। आंदोलन के बाद सब कुछ जैसे खत्म हो गया। अब ऐसे संगठन या मंच की आवश्यकता है, जो यहां की समस्याओं के समाधान के लिए नागरिक और प्रशासन दोनों स्तरों पर पहल करे। जिस ढंग से यहां गाइड के नाम पर आगंतुकों को बरगलाया जाता है, वह महान विरासत वाली अयोध्या नगरी की छवि को विरूपित करता है। साधु-संतों, प्रबुद्ध नागरिकों का कोई मंच हो तो ये सारी गड़बड़ियां ठीक की जा सकती हैं।

# कंपनियां शुरू करने वाली सोच चाहिए, दुनिया की दिग्गज कंपनियां चला रहे भारतीय

**मनीष सिसोदिया**

भारतीय टेलिविजन स्क्रीन पर इस महीने बिजनेस की दुनिया का पहला रियलिटी शो ह्यशार्क टैंक इंडियाह्न शुरू होने जा रहा है। मैं उत्सुकता से देखना चाहता हूं कि क्या यह शो बिजनेस और आंत्रप्रन्योरशिप के प्रति देश को एक नई सोच दे सकता है? आज आंत्रप्रन्योर माइंडसेट की कमी ही भारत की वह सबसे बड़ी कमजोरी है, जिसकी वजह से आजादी के 75वें साल में प्रवेश करने के बाद भी भारत विकसित देश नहीं बन पाया है। विश्व के कई देश भारत की आजादी के समय या उसके ठीक कुछ समय पहले वर्ल्ड वॉर के दौरान युद्ध की विभीषिका से बर्बाद हो चुके थे। उनके शहर तबाह हो चुके थे और संसाधन खत्म। इन सब के बावजूद मात्र 2-3 दशक के भीतर ये देश न केवल दोबारा विकसित हुए बल्कि विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों की श्रेणी में भी शामिल हो गए। जापान, जर्मनी इसके उदाहरण हैं। वहीं, भारत आज भी एक विकासशील देश ही है, जबकि यहां न तो संसाधनों की कोई कमी है और न ही प्रतिभाओं की। आज आईआईटी और आईआईएम से निकली प्रतिभाएं दुनिया की सबसे बड़ी, आधुनिकतम और प्रगतिशील कंपनियों को चला रही हैं। चाहे वह गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई हों या फिर माइक्रोसॉफ्ट के सत्या नडेला। हाल ही में जब पराग अग्रवाल ट्विटर के सीईओ बने तो सोशल मीडिया पर एक पोस्ट बहुत वायरल हुआ- ह्यपढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा अमेरिकाह्न। बेशक यह व्यंग्यात्मक था, लेकिन काफी हद तक यह बात भी सच है कि भारत की प्रतिभाएं दुनिया की सबसे आधुनिक और प्रगतिशील कंपनियों को चला तो रही हैं, लेकिन ऐसी कंपनियां बना नहीं रहीं। इसकी सबसे बड़ी वजह भारत के वर्तमान वातावरण में आंत्रप्रन्योरशिप माइंडसेट की कमी होना है। पिछले दशकों के कुछ उदाहरण को देखें तो एक महत्वपूर्ण टेलिविजन शो से यह अपेक्षा रखना कोई बड़ी बात नहीं है। ह्यकौन बनेगा करोड़पतिह्न ने जहां देश के आम आदमी के मन में सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न की है, वहीं ह्यइंडियन आइडलह्न ने आम घरों के बच्चों, दूर-दराज गांवों के युवाओं में यह आत्मविश्वास पैदा किया है कि अपनी प्रतिभा के दम पर वे भी राइजिंग स्टार बन सकते हैं। तो यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि यह शो भारत में अपने उसी तेवर के साथ आया, जिस तेवर के साथ वह अमेरिका और दुनिया के अन्य कई देशों में अपनी छाप छोड़ चुका है तो आंत्रप्रन्योरशिप माइंडसेट के साथ कुछ नया करना, नए तरीके से करना और नया करने की हिम्मत रखना भारतीय जनमानस के बीच चर्चा का विषय बन सकता है। और अगर ऐसा हुआ तो यह भारत की आर्थिक प्रगति की राह में एक अहम मोड़ साबित हो सकता है। मैं शिक्षामंत्री के रूप में कई बार विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में जाता हूं। वहां मुझे यह देखकर आश्चर्य होता है कि हर विश्वविद्यालय में बड़े शान से बताया जाता है कि हमारे कितने स्टूडेंट्स ने बड़ी-बड़ी कंपनियों में मोटे पैकेज के साथ नौकरी प्राप्त कर ली है। लेकिन कोई यह नहीं बताता कि हमारे किस स्टूडेंट ने अपने आइडिया के साथ किसी नए काम को करते हुए एक शानदार स्टार्टअप शुरू किया है और लोगों को रोजगार दे रहा है। आज हमारे देश के शिक्षण संस्थान कुल मिलाकर एक ऐसी फैक्ट्री बन चुके हैं, जहां से केवल नौकरी ढूंढने वालों की फौज निकल रही है। उन स्कूलों और कॉलेजों में भी जहां देश की सबसे बेहतरीन प्रतिभाएं तैयार हो रही हैं, वहां भी 99.9% बच्चों के सपने एक अच्छी नौकरी पाने तक ही सीमित हैं। देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर बनाने के लिए आज भारत में आंत्रप्रन्योरशिप माइंडसेट की सबसे ज्यादा जरूरत है इसके लिए हमारे स्कूलों और विश्वविद्यालयों को महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने शिक्षा मॉडल को बदलना होगो यहां मैं थोड़ा उल्लेख दिल्ली के सरकारी स्कूलों का करूंगा, जहां इस दिशा में हमने एक प्रयोग किया है हम11वीं-12वीं के बच्चों को सीड मनी देकर अपना स्टार्टअप आइडिया तैयार करते हुए कुछ नया करने की चुनौती दे रहे हैं। दिल्ली सरकार ने इसके लिए बजट से 60 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 11वीं-12वीं कक्षा में लगभग 3 लाख बच्चे पढ़ते हैं और इनमें से लगभग सभी ने टीम बनाकर 51,000 से अधिक बिजनेस आइडियाज के साथ अपने स्टार्टअप शुरू किए हैं। हो सकता है कि इनमें से कुछ केवल क्लास प्रॉजेक्ट तक ही सीमित रह जाएंगे, कुछ 4-6 महीने चलें और अंत में घाटे के साथ बंद हो जाएं लेकिन खुशी की बात यह है कि अब तक ज्यादातर बच्चों ने प्रॉफिट कमाया है और अगर वे फेल भी होते हैं तो अपनी नाकामी से सीखेंगे

इस योजना को शुरू करने के दौरान हमने सोचा भी नहीं था कि बच्चों में कुछ नया करने और सोचने की प्रतिभा इतने आश्चर्यजनक ढंग से सामने आएगी हमारे बच्चे मौजूदा समस्याओं से लेकर आस-पास उपलब्ध आधुनिकतम टेक्नलॉजी को चुनौती देते हुए आगे बढ़ने की योजनाएं बना रहे हैं और प्रतिभा के दम पर इन्वेस्टर्स को आसानी से अपने स्टार्टअप में निवेश करने के लिए मना रहे हैं। यह आश्चर्य की बात नहीं होगी कि बिजनेस ब्लास्टर्स के पहले ही वर्ष के स्टूडेंट्स कुछ इतना बड़ा कर जाएं कि आने वाले 5-10 सालों में ही सफल कंपनियों की सूची में इनकी कंपनियां भी जगह बना लें। दिल्ली सरकार और शिक्षा विभाग का लक्ष्य है कि हमारे बच्चों में आंत्रप्रन्योरशिप माइंडसेट विकसित हो। वे सिर्फ नौकरी ढूंढने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले भी बनें यदि हमने 11वीं-12वीं के बच्चों में यह सोच विकसित कर दी तो मुझे पूरा भरोसा है कि उनका ग्रैजुएशन के बारे में नजरिया बदल जाएगो इस मकसद को पूरा करने में जहां हमारे स्कूल और कॉलेज बड़ी भूमिका निभा सकते हैं, वहीं उद्यमशीलता पर आधारित टेलीविजन शो भी सही माहौल बना सकते हैं। यदि हमने इस संभावना को ठीक से समझ लिया तो इससे देश में आर्थिक तरक्की का माहौल बदल सकता है

# लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने की जरूरत क्यों है?

**इकबाल हिन्दुस्तानी**

018 साल का लड़का लड़की बालिग माने जाते हैं। वे चुनाव में वोट देकर सरकार चुन सकते हैं। लेकिन इस उम्र में वयस्क होने के बाद भी वे अपना जीवन साथी नहीं चुन सकते। पहले केवल लड़कों के लिये शादी की आयु 21 साल थी। लेकिन अब सरकार कानून में संशोधन करके लड़कियों के लिये भी विवाह की आयु 21 साल करने जा रही है। संसद से लेकर समाज तक इस संशोधन को लेकर दो वर्ग हैं। जिनकी राय इस मुद्दे पर अलग अलग है। एक वर्ग इस बदलाव को लड़कियों के लिये अच्छा मानता है। वहीं दूसरा वर्ग इस संशोधन से अभिभावकों के लिये नई समस्यायें खड़ी होती देख रहा है। दोनों के अपने अपने तर्क हैं। जिनको सिरे से खारिज भी नहीं किया जा सकता है।

निर्भया कांड के बाद सरकार ने कानून में संशोधन करके बलात्कार के मामलों में 16 साल के लड़कों को बालिग मानने का कानून बनाया था। ब्रिटेन और यूरूप के कुछ देशों में पहले से ही कन्या और बालकों के लिये वयस्कता की आयु 16 साल तय है। कुछ मुस्लिम मुल्कों में भी ऐसा ही है। वहां इस आयु की प्राप्ति करने के बाद वे शादी भी कर सकते हैं। हालांकि इस मामले में अलग अलग देशों की अपनी परंपरायें धर्म संस्कृति और जलवायु भी कारण होते हैं। इसलिये हम अपने देश की तुलना हर मामले में दूसरे देशों से समानत आधार ना होने पर नहीं कर सकते। हमारे देश में व्यस्कता और विवाह की आयु अलग अलग रही है। कुछ समाज विज्ञानियों का कहना है कि लड़का लड़की दोनों की शादी की आयु बराबर होने से संविधान द्वारा दी गयी समानता को समाज में स्थापित करने में सहायता मिलेगी। इसके बाद साथ ही लड़कियों की भी शादी की उम्र लड़कों की तरह 21 साल करने से समाज का उच्च शिक्षित अभिजात्य सम्पन्न और प्रगतिशील वर्ग मानता है कि ऐसा करने से लड़कियों को पढ़ाई मौज मस्ती आजादी स्वास्थ्य और रोजगार में जाकर अपने पैरों पर खड़े होने में आवश्यक समय मिलेगा। लेकिन समाज का गरीब अनपढ़ या कम शिक्षित और परंपरावादी वर्ग यह मानता है कि इससे परिवार पर अनावश्यक हर तरह का बोझ बढ़ जायेगा। उनको लगता है कि लड़की की शादी जवान होते ही जल्दी से जल्दी कर देनी चाहिये।

उनको यह भी महसूस होता है कि लड़की की शादी कब करनी है। यह तय करने का सारा अधिकार समाज के पास होना चाहिये। इसमें सरकार को अवांछित दखल नहीं देना चाहिये। यही वजह है कि बाल विवाह के मामले में हमारा देश दुनिया में तीसरे नंबर पर है। आज भी हमारे यहां दस करोड़ लड़कियों की शादी 15 साल की होने तक कर दी जाती है। नेशनल फैमिली हैल्थ सर्वे बताता है कि 50 प्रतिशत से अधिक गर्भवती महिलाओं में खून की कमी यानी एनीमिया होता है। स्वास्थ्य कारणों से ही कम उम्र में शादी होने से उनकी बच्चे के जन्म के समय मौत तक हो जाती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं हमारा देश पुरूष प्रधान है। जिसका परिणाम यह है कि कन्या के पैदा होने के साथ ही नहीं उसके पैदा होने से पहले ही उसके साथ पक्षपात शुरू हो जाता है। यानी हर वर्ष लाखों कन्या भ्रूण की गर्भ में ही हत्या कर दी जाती है। इतना ही नहीं कन्या होने पर परिवार में या तो खुशी मनाई ही नहीं जाती या उतनी नहीं अनुभव होती जितनी बालक होने पर होती है। समाज का एक बड़ा वर्ग आज भी कन्या को बोझ और हुंडी समझता है। यहां तक कि उनके पालन पोषण खान पान और शिक्षा दीक्षा में भी पक्षपात आम है।

इसी का अंजाम यह है कि उसको लड़कों की बराबर पौष्टिक आहार और समान सुविधायें ना मिलने से वे कमजोर कम शिक्षित और कम आत्मनिर्भर बन पाती हैं। प्रगतिशील और सम्पन्न वर्ग का मानना है कि सरकार के इस कदम से शादी की उम्र आने तक लड़कियों का ना केवल शारिरिक बल्कि मानसिक विकास भी पूर्ण हो सकेगा। विज्ञान कहता है कि इंसान के दिमाग का फ्रंटल रोब रीजन 18 से 20 साल के बीच ही विकसित हो पाता है। इसके बाद ही इंसान में ना केवल सोच समझकर निर्णय करने की क्षमता आती है बल्कि उसमें बेहतर भावनात्मक नियंत्रण और परिपक्वता भी आती है। जाहिर बात है कि एक परिपक्व मां ही बेहतर परिवार चला सकती है। इससे उनको स्कूल कॉलेज अस्पताल यातायात और रोजगार की पहले से अधिक और बेहतर सुविधायें उपलब्ध होने के बाद ब्याहने का अवसर मिलेगा। लेकिन सवाल यह है कि लड़कियों की विवाह की आयु बढ़ाने वाली सरकार क्या इन सब मुद्दों पर चिंतन मनन करके उपरोक्त सुविधायें बढ़ाने पर विचार करेगी? या केवल कानून बनाकर अपना पल्ला झाड़ लेगी? सवाल यह भी है कि आज जब शादी की उम्र 18 साल है। तब भी गांव में 27 प्रतिशत और शहर में 14 प्रतिशत कन्याओं की शादी उससे पहले ही कर दी जाती है। सर्वे यह भी बताते हैं कि कम आयु में शादी से दहेज की मांग दहेज हत्या पारिवारिक विवाद हिंसा और तलाक के केस अधिक हो रहे हैं। 2017 में एक मुकदमें की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से भारतीय दंड संहिता की धारा 375 में संशोधन को कहा था। इस धारा में दरअसल 15 साल तक की पत्नी से पति द्वारा किया गया संभोग बलात्कार नहीं माना गया है। जबकि कानूनन ऐसी शादी करना अपराध है। बाल विवाह कानून 1929 कहता है कि बाल विवाह अपराध है। लेकिन सरकार पुलिस प्रशासन आज तक इसे खत्म नहीं कर पाये हैं। नये संशोधन के अनुसार चर्चा है कि अगर कोई लड़का लड़की 21 साल के होने से पहले शादी करते हैं तो ना केवल वे खुद अपितु उनके माता पिता शादी कराने वाले धार्मिक गुरू बैंक्वट हॉल व आयोजन से जुड़े सभी लोग और यहां तक कि उस समारोह में शरीक होने वाले मेहमान तक जवाबदेह हो सकते हैं। भविष्य में कोई शादी का कार्ड आये तो कार्ड के साथ दुल्हा दुल्हन का आयु प्रमाण पत्र अवश्य देख लीजिये अन्यथा मुसीबत आ सकती है।

# केएल राहुल ने पहले दिन जड़ा धमाकेदार शतक

## टीम इंडिया ने मैच में पकड़ बनाई मजबूत




**नई दिल्ली।** केएल राहुल के शतक और मयंक अग्रवाल के साथ उनकी पहले विकेट की शतकीय साझेदारी से भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन तीन विकेट पर 272 रन बनाए। राहुल ने 248 गेंद में 17 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 122 रन बनाए। राहुल ने अग्रवाल (123 गेंद में 60 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 117, कप्तान विराट कोहली (35) के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 और अजिंक्य रहाणे (81 गेंद में नाबाद 40, आठ चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 73 रन की अटूट साझेदारी करके भारत का पलड़ा भारी रखा। राहुल की यह पारी दक्षिण अफ्रीका में पारी का आगाज करते हुए किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दक्षिण अफ्रीका को दूसरे सेशन में लुंगी एनगिडी (45 रन पर दो विकेट) ने लगातार गेंदों पर दो विकेट चटकाकर वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन अधिकांश समय मेजबान टीम के गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करने में नाकाम रहे। दक्षिण अफ्रीका को दिशाहीन गेंदबाजी का भी खामियाजा भुगतना पड़ा। भारत ने पहले सत्र में 83 रन जोड़े जबकि एक भी विकेट नहीं गंवाया। दूसरे सत्र में एनगिडी ने अग्रवाल और चेतेश्वर पुजारा (00) को पवेलियन भेजकर मेजबान टीम को दोहरी सफलता दिलाई जिसमें भारत ने 74 रन जोड़े। अंतिम सत्र में भारत ने 115 रन जोड़कर एक विकेट गंवाया। तीसरे सेशन में भारत ने सकारात्मक शुरूआत की। कोहली ने स्पिनर केशव महाराज और कगिसो रबाडा पर चौके जड़े। राहुल भी महाराज की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के साथ 90 रन पर पहुंचे।

कोहली इसके बाद एनगिडी की बाहर जाती गेंद पर तेज प्रहार करने की कोशिश में पहली स्लिप में वियान मुल्डर को कैच दे बैठे। इस तरह अच्छी लय में दिख रहे कोहली का शतक के लिए दो साल से भी अधिक समय से चला आ रहा इंतजार जारी रहा। उन्होंने 94 गेंद का सामना करते हुए चार चौके जड़े। खराब फॉर्म से जूझ रहे रहाणे ने बेहद सकारात्मक शुरूआत की। उन्होंने एनगिडी पर दो चौकों के साथ शुरूआत की और फिर जेनसन और महाराज की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। रहाणे ने मुल्डर पर भी दो चौके जड़े। राहुल ने महाराज पर चौके के साथ 218 गेंद में सातवां टेस्ट शतक पूरा किया। दक्षिण अफ्रीका ने 80 ओवर के बाद दूसरी नई गेंद ली और रबाडा के चौथे ओवर में राहुल एक बार फिर भाग्यशाली रहे जब उछाल लेती गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर गली में खड़े फील्डर के बेहद करीब से चौके के लिए चली गई। राहुल और रहाणे ने हालांकि दक्षिण अफ्रीका को दिन के बाकी बचे खेल के दौरान सफलता हासिल नहीं करने दी। लंच के बाद अर्धशतक पूरा करने वाले अग्रवाल को एनगिडी ने एलबीडब्ल्यू आउट करके मेजबान टीम को पहली सफलता दिलाई। ऐसा लग रहा था कि लेग स्टंप से नहीं टकराएगी लेकिन डीआरएस लेने पर मैदानी अंपायर को फैसला बदलाव पड़ा। अग्रवाल ने 123 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके जड़े। वह और राहुल दक्षिण अफ्रीका में 21 मैचों में शतकीय साझेदारी करने वाली भारत की सिर्फ तीसरी सलामी जोड़ी है।

पुजारा भी अगली गेंद पर पवेलियन लौट गए जब एनगिडी की अंदर आती गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर बल्लेबाज के शरीर से टकराने के बाद हवा में उछली और शॉर्ट लेग पर कीगन पीटरसन ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। राहुल ने इसके बाद एनगिडी पर कवर ड्राइव से चौके के साथ 127 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। कोहली ने एनगिडी की गेंद पर खाता खोलने के बाद डेब्यू कर रहे मार्को जेनसन और महाराज पर चौके जड़े। राहुल इस बीच भाग्यशाली भी रहे जब तेज गेंदबाज वियान मुल्डर की गेंद को हवा में लहरा गए लेकिन जेनसन उनका मुश्किल कैच नहीं लपक पाए। सुबह कोहली ने पिच पर घास होने के बावजूद टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का साहसिक फैसला किया। पिच के समय बीतने के साथ तेज होने की उम्मीद है। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने अनुकूल हालात में सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी नहीं की जिसका फायदा दोनों बल्लेबाजों ने उठाया। अग्रवाल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज की अच्छी फॉर्म को सुपरस्पोर्ट पार्क में भी जारी रखा जबकि राहुल ने वही रणनीति अपनाई जिसने उन्हें इंग्लैंड में सफलता दिलाई थी। राहुल ने शुरू में सतर्क रवैया अपनाया जबकि अग्रवाल ने विरोधी तेज गेंदबाजों की ढीली गेंदों को सबक सिखाने में कोई कोताही नहीं बरती। अग्रवाल ने एनगिडी पर प्वाइंट क्षेत्र में पारी का पहला चौका जड़ा। राहुल ने खाता खोलने के लिए 21 गेंद का सामना किया। अग्रवाल ने जेनसन के पहले ओवर में ही तीन चौके जड़े। इस छह फीट आठ इंच लंबे गेंदबाज की टेस्ट क्रिकेट में पहली गेंद फुलटॉस थी जिस पर अग्रवाल ने कवर प्वाइंट पर चौका जड़ा और फिर फ्लिक से भी चौके बटोरे।दक्षिण अफ्रीका को 18वें ओवर में मौका मिला लेकिन जेनसन की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक ने अग्रवाल का मुश्किल कैच टपका दिया।



## विराट कोहली ने टेस्ट में बनाया नया रिकॉर्ड, मोहम्मद अजहरुद्दीन को इस मामले में पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट सेंचुरियन में खेला जा रहा है। टीम इंडिया के टेस्ट टीम के कप्तान विराट कोहली ने इस टेस्ट मैच में एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पछाड़ कर उन्होंने ये रिकॉर्ड अपने नाम किया। विराट टेस्ट क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा टॉस जीतने वाले कप्तान बन गए हैं। उन्होंने बतौर कप्तान अपने 68वें टेस्ट मैच में 30वां टॉस जीता। विराट ने इस टेस्ट मैच से पहले 33 साल के कोहली ने 29 टॉस जीते थे। इनमें से भारत को 20 में जीत मिली है। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 47 टेस्ट में कप्तानी करते हुए 29 टॉस जीते थे। अब वो इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। एमएस धोनी इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 60 टेस्ट में कप्तानी करते हुए 26 टेस्ट मैच जीते हैं। कोहली ने टॉस जीतने ते बाद कहा,'हम पहले बल्लेबाजी करेंगे। घर से बाहर खेलते हुए बोर्ड पर रन बनाना हमारी ताकत रहा है। यहां दूसरे और तीसरे दिन दिन पिच तेज हो जाती है। भारत ने इस मैच के लिए पांच बल्लेबाजों को चुना है। अजिंक्य रहाणे को श्रेयय अय्यर और हनुमा विहारी के ऊपर तरजीह देकर प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। इशांत शर्मा को रेस्ट दिया गया है। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को खिलाया गया है। टीम इंडिया 4 तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरी है। अश्विन टीम में बतौर स्पिनर खेल रहे हैं।

## केएल राहुल ने जड़ी सेंचुरी, हासिल की ये खास उपलब्धि

**नईदिल्ली।** भारत के बल्लेबाज केएल राहुल ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में सेंचुरी जड़ दी है। इसी के साथ केएल राहुल ने एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वो ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने जिस भी देश के खिलाफ टेस्ट मैच खेला है, उसके खिलाफ सेंचुरी जड़ी है। ये उनकी सातवीं टेस्ट सेंचुरी थी। केएल राहुल ने 218 गेंदों में अपनी सेंचुरी जड़ी।

केएस राहुल ने 14 चौकों और एक सिक्स की मदद से ये शतक जड़ा। उन्होंने ऑस्ट्रलिया, श्रीलंका,वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच खेले हैं और सबके खिलाफ शतक जड़े हैं। केएल राहुल दक्षिण अफ्रीका में सेंचुरी जड़ने वाले भारत के दूसरे सलामी बल्लेबाज हैं। उनसे पहले साल 2006/07 में केपटाउन में पहली बार वसीम जाफर ने ये कारनामा किया था।

## चेतेश्वर पुजारा का फ्लॉप शो जारी, जीरो पर आउट होने के बाद फैंस ने किया ट्रोल

**नईदिल्ली।** टीम इंडिया के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का फ्लॉप शो जारी है। दक्षिण अफ्रीका के खेले जा रहे पहले टेस्ट की पहली पारी में वो बिना खता खोले पवेलियन लौट गए। मेजबान टीम के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने उन्हें पहली गेंद पर अपने जाल में फंसा लिया। एनगिडी की गेंद पुजारा बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए पीटरसन के पास गई, जिन्होंने उसे कैच करने में कोई गलती नहीं की। पुजारा मयंक अग्रवाल के आउट होने के बाद क्रीज पर बल्लेबाजी करने आए थे। पुजारा ने आउट होने से पहले 60 रनों का योगदान दिया। पुजारा को आउट करने से पहले एनगिडी ने मयंक को अपना शिकार बनाया था। पुजारा के आउट होने के बाद सोशल मीडिया में फैंस ने अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने पुजारा की




जमकर आलोचना करते हुए उन्हें ट्रोल किया। पुजारा लंबे समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। उन्होंने साल 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी शतक जड़ा था। पुजारा ने साल 2021 में 14 मैचों में 686 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 6 फिफ्टी जड़ी है। लेकिन उनका औसत मात्र 28.58 का है। इससे पहले टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली नेटॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।भारत को केएल राहुल और मयंक अग्रवाल ने शानदार शुरूआत दिलाई। इन दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय सांझेदारी हुई। लंच के बाद मयंक अग्रवाल ने अपनी 13 वीं फिफ्टी जड़ी। इसके बाद केएल राहुल ने भी अपनी फिफ्टी जड़ी। खबर लिखे जाने तक भारत ने पहली पारी में 51 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 144 रन बना लिए हैं। केएल राहुल 60 और विराट कोहली 14 रन बनाकर क्रीज पर जमे हुए हैं। भारत ने इस मैच के लिए पांच बल्लेबाजों को चुना है। अजिंक्य रहाणे को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है।

## हिमाचल प्रदेश ने तमिलनाडु को हराकर पहली बार जीता खिताब, शुभम अरोड़ा ने जड़ी नाबाद सेंचुरी

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश ने विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में रविवार को तमिलनाडु को वीजेडी प्रणाली से 11 रन से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया। खराब रोशनी से प्रभावित फाइनल मैच में हिमाचल प्रदेश के कप्तान ऋषि धवन के ऑलराउंड प्रदर्शन और सलामी बल्लेबाज शुभम अरोड़ा की नाबाद शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। शुभम अरोड़ा को उनकी शानदार नाबाद सेंचुरी के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। तमिलनाडु ने अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक की 116 रन की पारी के दम पर 314 रन (49.4 ओवर में ऑल आउट) बनाए। खराब रोशनी के कारण मैच को रोके जाते समय हिमाचल ने 47.3 ओवर में चार विकेट के 299 रन बना लिए थे। वीजेडी प्रणाली से इस समय तमिलनाडु का स्कोर 289 रन था। विकेटकीपर बल्लेबाज अरोड़ा ने 131 गेंद की नाबाद पारी के दौरान 13 चौके और एक छक्का जड़ा। जबकि शानदार लय में चल रहे



धवन ने 23 गेंद की नाबाद पारी में 42 रन बनाए। उन्होंने इस दौरान पांच चौके और एक छक्का लगाया। धवन ने गेंद से भी कमाल दिखाते हुए 10 ओवर में 62 रन देकर तीन विकेट लिए। हिमाचल प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसे उसके गेंदबाजों ने शुरूआती 14.3 ओवर में 40 रन पर चार विकेट लेकर सही साबित किया। इसके बाद कार्तिक और बाबा इंद्रजीत ने 202 रन की शानदार साझेदारी कर तमिलनाडु की मैच में शानदार वापसी कराई। कार्तिक ने 103 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़े तो वही इंद्रजीत ने 71 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का की मदद से 80 रन बनाए। आखिरी ओवरों में शाहरुख खान ने एक बार फिर विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने 21 गेंद में तीन छक्के और इतने ही चौको की मदद से 42 रन बनाए तो वही कप्तान विजय शंकर ने 16 गेंद में 22 रन बनाए। हिमाचल प्रदेश के लिए पंकज जायसवाल ने 9.4 ओवर में 59 रन देकर चार विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अरोड़ा और प्रशांत चोपड़ा (21) ने पहले विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी कर हिमाचल प्रदेश को अच्छी शुरूआत दिलाई। टीम ने हालांकि इसके बाद दिग्विजय रांगी (शून्य) और निखिल गंगटा (18) के विकेट जल्दी-जल्दी गवां दिए। अरोड़ा का साथ इसके बाद अमित कुमार ने शानदार तरीके से निभाया।

## शून्य पर आउट होते ही चेतेश्वर पुजारा के नाम दर्ज हुआ ये शर्मनाक रिकॉर्ड, ऐसा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन एक बार चेतेश्वर पुजारा ने निराश किया। मयंक अग्रवाल के आउट होने के बाद वो खेलने आए। लेकिन लुंगी एनगिडी की पहली गेंद पर वो आउट हो गए। एनगिडी की गेंद पर उनका कैच शार्ट लेग पर कीगन पीटरसन ने पकड़ा।

शून्य पर आउट होने के साथ ही चेतेश्वर पुजारा ने शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। साल 2021 में पुजारा का फॉर्म काफी खराब रहा है। टीम इंडिया उनके टेस्ट करियर में रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें लगातार प्लेइंग इलेवन में शामिल कर रही है। लेकिन पुजारा फॉर्म में वापस लौट नहीं पा रहे हैं। उन्होंने साल 2019 के बाद से कोई शतक नहीं जड़ा है। टेस्ट मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते




हुए पुजारा नौवीं बार शून्य पर आउट हुए। इसी के साथ उन्होंने एक शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वो भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने दिलीप वेंगसरक को पीछे छोड़ा, जो तीसरे नंबर पर 8 बार आउट हुए हैं। ये पुजारा का टेस्ट क्रिकेट में दूसरा गोल्डन डक है। 3 साल पहले दक्षिण अफ्रीका में वो यहीं पहली गेंद पर आउट हुए थे। नंबर तीन पर जीरो पर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में राहुल द्रविड़ तीसरे नंबर पर हैं। वो 7 बार जीरो पर आउट हुए हैं।

## बेन स्टोक्स की गेंद नहीं झेल पाए मार्कस हैरिस, लहूलुहान हुआ ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का हाथ

**नई दिल्ली।** एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इंग्लैंड के पहले दिन 185 रन पर ऑलआउट करने के बाद मेहमान टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 61 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस 20 रन पर नाबाद हैं।

मार्कस हैरिस बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन बेन स्टोक्स की गेंद पर घायल भी हुए। स्टोक्स की गेंद उनके हाथ में लगी और खून बहने लगा। इसके बाद कंगारू टीम के सलामी बल्लेबाज ने बल्लेबाजी जारी रखने का फैसला किया। राहत की बात ये है कि उनकी ये चोट गंभीर नहीं है। बेन स्टोक्स की गेंद लगने के बाद उन्हें कितना दर्द हो रहा था। ये उनके चेहरे के भाव साफ तौर पर बता रहे थे। एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट के पहले




दिन की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहले दिन पूरी तरह मैच में दबदबा बनाकर रखा। कप्तान पैट कमिंस ने तीसरे टेस्ट में शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड के तीन खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा।

उनके अलवा स्पिनर नाथन लियोन ने शानदार गेंदबाजी की। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 185 रनों पर सिमट गई। इंग्लैंड की तरफ से कप्तान जो रूट ने एक बार फिर से कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 50 रन बनाए। उनके अलावा बेन स्टोक्स ने 25 रनों का योगदान दिया। रूट ने इस मैच में नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। रूट बतौर कप्तान कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

## माइकल वॉन ने इंग्लैंड पर साधा निशाना, बोले- टीम बस यह काम कर रही है सही

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम का एशेज सीरीज में खराब बॉक्सिंग डे टेस्ट पर नहीं रुका। ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन मेहमान टीम को 185 रनों पर ऑलआउट कर दिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टीम के खराब प्रदर्शन से खासे नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि जो रूट की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम पूरी तरह से दबाव में है। गौरतलब है कि इंग्लैंड के लिए ये टेस्ट मरो या करो वाला है। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में टीम 2-0 से पीछे है। एशेज सीरीज में बने रहने के लिए टीम को हर हाल में ये मैच जीतना होगा। माइकल वॉन ने माना कि जो रूट एक महान इंसान हैं। लेकिन एक कप्तान के तौर पर उन्होंने कई गलतियां की हैं। वॉन ने रट की टीम सिलेक्शन सही नहीं रहा है।माइकल वॉन ने फॉक्स क्रिकेट से बातचीत में कहा,'वे दबाव में हैं, पूरा सेट-अप दबाव में है। लेकिन उन्होंने पिछले एक साल में गलतियां की हैं। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उन्होंने बड़ी गलतियां की। ब्रिसबेन में गलत सिलेक्शन किया। एडिलेड में फिर से सिलेक्शन में माइकल वॉन ने ब्रिसबेन और मेलबर्न में पिच में घास होने के बावजूद प्लेइंग इलेवन में स्टुअर्ट ब्रॉड को ना खिलाने पर रूट की निंदा की। उन्होंने आगे कहा कि वे केवल एक चीज सही कर रहे है कि समय पर मैदान में खेलने आ जाते हैं। इसके अलावा उनसे कुछ भी अच्छा नहीं हो रहा है। उन्होंन कहा कि उन्हें पहले ब्रिसबेन में और अब मेलबर्न में ना खिलाना हैरान करने वाला है।

## राशन डीलर डकार गया योगी सरकार का फ्री राशन, डीलर कह रहा रिफाइंड चूहे कुतर दिए

अखंड भारत संदेश

**मैनपुरी।** केंद्र व प्रदेश सरकार चाहे कितने भी प्रयास कर ले लेकिन राशन डीलर को नहीं सुधर सकती है प्रशासन की शह पर करते हैं यह कोटा डीलर ऐसे ही दबंगई सभी बायोमेट्रिक हो जाने के बाद भी राशन वितरण में हो रही है सरेआम धांधली ऐसा ही मामला मैनपुरी जनपद के विकास खंड जागीर क्षेत्र में गांव म्योरा स्थित राशन की दुकान पर उपभोक्ताओं को रिफाइंड वितरित नहीं किया गया।

पर्यवेक्षक के तौर पर तैनात प्रधानाध्यापक के कहने पर भी डीलर नहीं बात नहीं मानी। ऐसे में पर्यवेक्षक ने रिफाइंड वितरित न किए जाने की रिपोर्ट उप जिलाधिकारी और तहसीलदार को दी जानकारी करीब 2 दर्जन लोगों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन को सौंपी रिपोर्ट ओर गांव म्योरा में अवध किशोर द्वारा राशन की दुकान का संचालन किया साथ ही बाद में बाजार से रिफाइड लाकर उपभोक्ताओं को देने के लिए कहा। प्राथमिक विद्यालय मंगलपुर के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार वर्मा की ड्यूटी म्योरा में पर्यवेक्षक के रूप में लगाई गई थी। उन्होंने उप जिलाधिकारी भोगांव को दी गई रिपोर्ट में बताया कि 22 दिसंबर को राशन वितरण के दौरान रिफाइंड बांटा गया, लेकिन अगले दिन से बंद कर दिया गया। कहने पर चूहों द्वारा पैकेट काटे जाने की बात डीलर ने कही ओर अगर राशन डीलर ने रिफाइड वितरण नहीं किया गया है दुकान निलंबित कर कार्रवाई की जाएगी। क्यामुद्दीन अंसारी, जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा उन्होंने रिफाइंड वितरण कराने के साथ ही दोबारा उनकी ड्यूटी न लगाने की भी मांग की है। उनका कहना है कि ग्रामीणों में आक्रोश है, ऐसे में कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है।

## गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज

**बिछ्वां।** शनिवार की सुबह लगभग 4:40 बजे उपचार के दौरान चंद्रपाल की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। तहरीर पर पुलिस ने डा. राजेश चंद्र दुबे व उसके अन्य साथियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विदेश कुमार का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज हो गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी

## युवक की करंट से मौत, चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहारा पर कोरोना वैक्सीन लगवाने गए युवक को चिकित्सक और उसके साथियों ने पेड़ पर टहनी काटने के लिए चढ़ा दिया। टहनी काटते समय पास से गुजर रहे बिजली तारों से युवक को करंट लग गया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भती कराया गया। शनिवार को आगरा में उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने चिकित्सक और उसके साथियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बिछवां थाना क्षेत्र के ग्राम कुंजलपुर निवासी ईश्वर दयाल पुत्र स्व. रामसनेही ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 34 वर्षीय भाई चंद्रपाल शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहारा पर अपने वैक्सीन लगवाने गया था। वहां डा. राजेश चंद्र दुबे व अन्य साथियों ने उसे नीम के पेड़ की टहनी काटने के बाद वैक्सीन लगाने के लिए कहा और पेड़ पर चढ़ा दिया। वह आरी से नीम की टहनी को काटने लगा तभी पास से ही गुजरे बिजली तारों के करंट की चपेट में आ गया। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सैफई से आगरा ले जाया गया।

# यूपी को आगे ले जाना है तो योगी-मोदी के हाथ करने होंगे मजबूत : अमित शाह

**उरई।** उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड के जालौन जिला मुख्यालय उरई में रविवार को गृहमंत्री अमित शाह ने जहां एक ओर उपस्थित जनसमूह को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनाए जाने की जरूरत को समझाया तो समाजवादी पार्टी सहित सभी विपक्षी दलों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यदि यूपी को आगे ले जाना है और भारत को विश्वगुरू बनाना है तो मोदी-योगी के हाथ मजबूत करने होंगे। यहां राजकीय इंटर कॉलेज में जन विश्वास यात्रा को सम्बोधित करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने यूपी के विकास और इसे आगे ले जाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम किया और यह काम आज प्रदेश में चारों ओर नजर आ रहा है। चाहे विकास की बात हो या कोरोना के आपदा काल में आम लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने या सनातन संस्कृति की पुर्नस्थापना का काम यह सभी योगी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने बखूबी



किया है। समाजवादी पार्टी पर अमित शाह ने तीखा हमला करते हुए कहा कि सपा शासनकाल में तीन पी की काम करते थे, परिवारवाद, पक्षपात और पलायन। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी थी। उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य बनाने वाले आज यह सपना देख रहे हैं कि चुनाव में जीत हासिल करेंगे लेकिन अखिलेश बाबू आप यूपी की जनता को नहीं जानते वह सबका बराबर हिसाब करेगी।

बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बुआ और बबुआ ने मिलकर प्रदेश को लूटा है। कांग्रेस के शासनकाल में पाकिस्तान से आतंकवादी आते थे और हमारे जवानों को मार कर चले जाते थे। किसी के माथे पर कोई शिकन नहीं होती थी लेकिन मोदी जी के सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान की ओर से की गई हिमाकत का 10 दिन के भीतर मुहं तोड़ जवाब दिया गया। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसे काम हमारी सेना ने मोदी जी के सत्ता संभालने के बाद ही किए। इन लोगों को हिंदू आस्था के प्रतीकों को गौरव दिलाने मे बड़ी शर्म आती थी लेकिन मोदीजी ने अयोध्या में राम मंदिर, काशी में बाबा विश्वनाथ का विराट मंदिर और सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का काम किया। मोदी जी ने जो वादे किए उन सभी वादों को पूरा किया।

गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में विकास का काम भी बहुत तेजी से किया। जहां आजादी के 75 साल में केवल 12 मेडिकल कॉलेज ही बन पाये थे वहीं योगी सरकार ने केवल पांच साल में 30 मेडिकल कॉलेज तैयार कर प्रदेश के युवाओं के विकास का रास्ता खोला। कोरोना कोल में बड़ी गरीब जनसंख्या को मुफ्त में राशन बंटवाया। योगी जी ने 15 करोड़ लोगों को मुफ्त में गेंहू, चावल, तेल, नमक और चना देने का काम किया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड के विकास और यहां के लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए तेजी से काम किया। अमित शाह ने कहा कि योगी सरकार ने 86 लाख किसानों को कर्ज एक बार में भी समाप्त कर दिया। वर्षों से बंद पड़े केन-बेतवा लिंक का काम शुरू किया, झांसी में डिफेंस कॉरिडोर का नर्मिाण शुरू किया गया, 49 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई का काम शुरू किया, चित्रकूट और ललितपुर में एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं। बुंदेलखंड की प्यास बुझाने को हर घर नल से जल परियोजना को लागू किया। इस तरह मोदी और योगी के प्रयासों से पिछड़ा समझा जाने वाला बुंदेलखंड अब न केवल विकास की राह पर आगे बढ़ चला है बल्कि देश की रक्षा जरूरतों को साधने का काम भी करेगा। उन्होंने उपस्थित अपार जन समूह से अपील की कि यदि प्रदेश में विकास की इस गाथा को आगे बढाना है तो आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताना होगा। उन्होंने कहा कि अगर भारत को विश्व गुरू बनाना है, यूपी को आगे ले जाना है तो मोदी-योगी के हाथ मजबूत करने होंगे और चुनाव में भाजपा को 300 से अधिक सीटों से जिताना होगा।



## विधानसभा चुनाव से पहले बसपा संगठन में फेरबदल, राजेंद्र गौतम लखनऊ के नए जिला अध्यक्ष


**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले संगठन में एक बार फिर फेरबदल किया है। राजेंद्र गौतम को लखनऊ का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है और जिला अध्यक्ष रहे अखिलेश अंबेडकर को मंडल में शिफ्ट किया गया है।

मायावती विधानसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। लखनऊ मंडल को और मजबूत करने के लिए उन्होंने मंडलीय सेक्टर व्यवस्था में बदलाव किया है। लखनऊ मंडल में अब डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ नौशाद अली और लखनऊ के जिला अध्यक्ष रहे अखिलेश अंबेडकर को मुख्य सेक्टर प्रभारी बनाया गया है।

लखनऊ मंडल में रहे अशोक सिद्धार्थ को प्रयागराज मंडल में लगाया गया है। प्रयागराज मंडल का काम अब अशोक सिद्धार्थ के साथ राजू गौतम, बाबूलाल, जगन्नाथ पाल, गुलाब और अशोक गौतम देखेंगे। अशोक गौतम को मिजार्पुर मंडल से हटा दिया गया है और विजय प्रताप को प्रयागराज मंडल से हटा दिया गया है।

## बीजेपी सासंद तेजस्वी सूर्या बोले- मुसलमानों और ईसाइयों की करानी चाहिए 'घर वापसी'; वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु से भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने मुस्लिमों और ईसाइयों से हिंदू धर्म में धर्मांतरण का आह्वान किया है। उनका तर्क है कि यही हिंदू पुनरुत्थान का एकमात्र तरीका है। शनिवार को उडुपी के श्रीकृष्ण मठ में सांसद द्वारा दिए गए भाषण के कुछ अंश सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। बेंगलुरु से भाजपा सांसद तेजस्वी ने लाइव भाषण भी ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट किया, ₹आज कर्नाटक के उडुपी में श्रीकृष्ण मठ में 'हिंदू पुनरुद्धार' पर बात की। 2014 के बाद भारत अंततः 70+ वर्षों के औपनिवेशिक हैंगओवर के बाद खुद को संभाल रहा है। विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा शासित सदियों के बाद भारत 'विश्वगुरु' के रूप में फिर से उभर रहा है।



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो तेजस्वी कह रहे हैं, ₹मंदिरों और मठों को उन लोगों को धर्म परिवर्तित करने के लिए वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए जो विभिन्न कारणों से वापस सनातन धर्म में परिवर्तित हो गए। कोई अन्य समाधान नहीं है और हमें आश्चर्य है कि क्या यह संभव है क्योंकि यह स्वाभाविक रूप से हमारे पास नहीं आता है। इस्लाम और ईसाई धर्म केवल धर्म नहीं हैं बल्कि राजनीतिक साम्राज्यवादी विचारधाराएं हैं। इन धर्मों का मानना है कि वे सर्वोच्च हैं और यही इन धर्मों और हिंदू धर्म के बीच मूलभूत अंतर है। तेजस्वी ने कहा, ₹हिंदू को उसके मातृ धर्म से निकाल दिया गया है। इस विसंगति को दूर करने के लिए केवल एक ही संभावित समाधान है। जिन लोगों ने अपने मातृ धर्म को छोड़ दिया है और भारत के इतिहास के दौरान विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक, आर्थिक कारणों से हिंदू धर्म से बाहर चले गए हैं, उन्हें पूरी तरह से हिंदू धर्म में वापस लाया जाना चाहिए, मातृ धर्म में वापस लाया जाना चाहिए।

## भारी बर्फबारी के बाद सिक्किम में चीन सीमा के पास फंसे हजार से ज्यादा पर्यटक, मसीहा बन पहुंची सेना

**सिलीगुड़ी।** पूर्वी सिक्किम में भारत-चीन सीमा के पास क्रिसमस पर छुट्टी मनाने पहुंचे एक हजार से अधिक पर्यटकों की जान आफत में फंस गई। नाथुला में चांगू झील के पास भारी बर्फबारी की वजह पर्यटकों का यहां से निकलना मुश्किल हो गया। सेना यहां मसीहा बनकर पहुंची और बेहद मुश्किल ऑपरेशन के जरिए सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया है। भारी बर्फबारी की वजह से सिक्किम के चांगू झील के पास सैकड़ों की संख्या में पर्यटक काफी देर तक फंसे रहे। भारी बर्फबारी की वजह से शनिवार को जवाहर लाल नेहरू रोड बंद हो गया। इसके बाद सैकड़ों पर्यटक चांगू झील के पास फंस गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सेना ने उन्हें बचाया और रात के समय अपने शिविरों में रहने की जगह दी। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह मौसम में मामूली सुधार हुआ है। पर्यटकों को छोटे-छोटे समूहों में बांटा गया है और सेना के जवान उन्हें करीब 40 किलोमीटर दूर गंगटोक पैदल पहुंचने में मदद की। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम खबर मिलने तक बचाव अभियान जारी था और इसके सोमवार तक जारी रहने की संभावना है क्योंकि सैकड़ों की संख्या में पर्यटक क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान चीन से लगती भारत की सीमा के नजदीक सोंगमो या चांगू झील घूमने गए थे। उन्होंने बताया कि फंसे हुए पर्यटकों में 250 लोग कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं। भारतीय सेना की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि पूर्वी सिक्किम में नाथुला के पास, जोकि चीन सीमा के नजदीक है, भारी बर्फबारी की वजह से 1027 पर्यटक फंस गए थे। सेना ने इन्हें यहां से निकाल लिया है।

## आर्मी कैप्टन का होगा कोर्ट मार्शल, नोटबंदी में भ्रष्ट्राचार समेत लगे हैं 12 आरोप

**नई दिल्ली।** नोटबंदी के दौरान पुराने नोट को नए नोट में बदलवाने को लेकर किए गए भ्रष्टाचार के आरोप में सेना के कैप्टन को जनरल कोर्ट मार्शल का सामना करना पड़ेगा। आर्मी कैप्टन पर नवंबर 2016 में नोटबंदी के दौरान पुराने नोटों को बदलने को लेकर किए गए भ्रष्ट्राचार समेत कुल 12 अलग-अलग आरोप लगे हैं। आर्मी अधिकारी का जनरल कोर्ट मार्शल 10 जनवरी, 2022 से पश्चिम कमान मुख्यालय में शुरू होगा। आर्मी अधिकारी के खिलाफ इसी जगह नोटबंदी में भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों में अनुशासनात्मक कार्यवाही भी चल रही है। एक न्यूज एजेंसी ने अपने सूत्रों के हवाले से बताया है कि नोटबंदी की प्रक्रिया के दौरान सेना के कैप्टन की दिल्ली में आर्मी पोस्टल सर्विसेज में तैनाती थी। आर्मी के कैप्टन पर आरोप है कि उन्होंने अवैध साधनों का इस्तेमाल कर पुराने नोटों को नए नोटों में कई बार तब बदलने की अनुमति दी थी जब लेन-देन के सारे रास्ते बंद थे।


आर्मी के कैप्टन पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली के आर्मी सेंट्रल बेस पोस्ट ऑफिस से निकाली गई करेंसी से संबंधित रिकॉर्ड भी जमा नहीं किए हैं। सूत्रों ने कहा कि आर्मी के कैप्टन ने एक अन्य आरोपी के साथ नकली पहचान पत्र का उपयोग करके नए नोटों की निकासी के लिए 5,000 से अधिक जाली फॉर्मों का प्रबंधन किया था। नोटबंदी के दौरान भ्रष्ट्राचर के कई मामलों में भारतीय सेना कड़ी कर्रवाई करती रही है। एक लेफ्टिनेंट कर्नल को पिछले सप्ताह एक कोर्ट मार्शल में पुराने नोटों को नए नोटों में बदलने को लेकर लगे आरोपों का दोषी ठहराया गया था। जहां, तक सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की बात है तो उनके बारे में कहा जाता है कि वो फाइनेंसियल करप्शन के मामलों के खिलाफ बहुत सख्त रहे हैं और ऐसे मामलों में कई अधिकारियों को दंडित किया गया है।

### राहुल गांधी खुद नहीं जानते कि वह हिंदू हैं, मुस्लिम हैं या ईसाई : हरियाणा विधायक असीम गोयल

**अंबाला।** हरियाणा के विधायक असीम गोयल ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनकी 'हिंदू बनाम हिंदुत्व-वादी' टिप्पणियों को लेकर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस सांसद खुद नहीं जानते कि वह हिंदू, मुस्लिम या ईसाई हैं। असीम गोयल साल 2014 से अंबाला सिटी विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक हैं। गोयल ने कहा कि राहुल गांधी खुद नहीं जानते कि वह हिंदू हैं, मुस्लिम हैं या ईसाई हैं। इस विषय पर शोध होना चाहिए। उन्हें देश की नहीं, बल्कि अपने और अपने परिवार के इतिहास और भूगोल की चिंता करनी चाहिए। गोयल का यह बयान वायनाड के सांसद द्वारा गुरुवार को की गई उस टिप्पणी के बाद आया है जिसमें उन्होंने हिंदू धर्म और हिंदुत्व के बीच तुलना करते हुए कहा था कि हिंदू सत्य के मार्ग का अनुसरण करते हैं, जबकि हिंदुत्व धर्म की आड़ में लूटता है। राहुल गांधी ने ट्विटर पर कहा, हिंदू सत्य के मार्ग पर चलते हैं।

## खुद को 24 कैरेट कांग्रेसी बता बोले गुलाम नबी आजाद- 18 कैरेट वाले दे रहे हैं चुनौती

**जम्मू।** कांग्रेस के सीनियर नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने रविवार को पार्टी छोड़ने की सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि वे 24 कैरेट कांग्रेसी हैं। कांग्रेस से नाराजगी पर गुलाम नबी आजाद ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है, वे पार्टी के कार्यकताओं को एकजुट करने के लिए काम कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पार्टी में सुधार पर भी बात की है। गुलाम नबी आजाद लगभग पिछले लगभग दो महीने से जम्मू-कश्मीर में जनसभाएं कर रहे हैं और उनके साथ कई सहयोगी भी हैं। जम्मू के बाहरी इलाके खुर के सीमावर्ती इलाके में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद मीडिया



से बात करते हुए आजाद ने कहा कि सुधार एक गतिशील प्रक्रिया है और लोगों के लाभ के लिए यह हर पार्टी, समाज और पूरे देश के लिए जरूरी है।

आजाद ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह तरह ही कांग्रेस पार्टी छोड़ने की अटकलों के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा 'मैं कांग्रेसी हूं। आपसे किसने कहा कि मैं कांग्रेसी नहीं हूं? मैं 24 कैरेट कांग्रेस हूं। अगर 18 कैरेट 24 कैरेट को चुनौती दे रहा है तो क्या फर्क पड़ता है? पिछले साल पार्टी में संगठनात्मक बदलाव की मांग करने वाले 23 कांग्रेसी नेताओं में शामिल आजाद ने कहा कि वह पार्टी से नाराज नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'विभाजन करने वाले दलों को केवल विभाजन दिखाई देता है। हम ही लोगों को जोड़ रहे हैं। हम एकता (पार्टी रैंकों में) बना रहे हैं क्योंकि हम एकजुट करने के लिए हैं। संगठन में सुधारों के उनके जोर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हर पार्टी, हर समाज और देश में सुधारों की जरूरत है। उन्होंने कहा, ₹सुधार एक सतत प्रक्रिया है और हर पार्टी के लिए जरूरी है। विधायिका भी एक तरह का सुधार है। अतीत की कई बुराइयां आज समाज में सुधारों के कारण नहीं हैं। श्रीनगर के एक सैन्य अधिकारी द्वारा उजागर किए गए 'सफेद रंग का आतंकवाद' पर अपने विचारों के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि उनका इससे क्या मतलब है। उन्होंने कहा, 'मैं पहले ही कह चुका हूं कि राजनेताओं को लोगों के कल्याण के लिए सही काम करना चाहिए था लेकिन कभी-कभी उन्होंने लोगों को बांटकर शैतान का काम किया। हमें इससे बचना चाहिए।' उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के कारण जम्मू-कश्मीर के लोग बीजेपी से नाराज हैं।

## पंजाब के लुधियाना कोर्ट धमाके के पीछे खालिस्तानी आतंकी का हाथ, पाकिस्तान से भी जुड़ रहे हैं तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के लुधियाना सेशन कोर्ट में हुए धमाके के पीछे पाकिस्तानी साजिश होने का खुलासा हुआ है। इन हमले में पाकिस्तान के आतंकवादी का हाथ होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि इस आतंकी ने जर्मनी स्थित एक खालिस्तानी समर्थक के साथ मिलकर इस साजिश को अंजाम देने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस आतंकी को पाकिस्तान के आतंकी संगठनों के साथ-साथ आईएसआई की भी शह हासिल है। इस खालिस्तानी आतंकी का नाम हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा संधू है। यह आतंकी पंजाब में ह्यकैटेगरी-एह्व वांटेड है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने हरविंदर के साथ जर्मनी के खालिस्तानी समर्थक



जसविंदर सिंह मुल्तानी को यह टास्क दिया था। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले धमाके करके पंजाब को अस्थिर करने की जिम्मेदारी दी गई थी। खुफिया जानकारी के मुताबिक ऐसी आशंका है कि करीब 35 साल की उम्रवाला संधू पाकिस्तान में रहता है। उसने फेक आइडेंटिटी पर भारतीय पासपोर्ट बनवा रखा है और अपनी पहचान छुपा ली है।

## तालिबानी कब्जे के बाद अफगानिस्तान में मजबूत हो रहे क्रूर और अलकायदा जैसे आतंकी संगठन, चीन ने भी कबूल किया सच



**बीजिंग।** अपगानिस्तान पर जब से तालिबन का कब्जा हुआ है, वहां आईएसआईएस और अलकायदा जैसे संगठन मजबूत हो रहे हैं। इस बात को अब चीन ने भी स्वीकार कर लिया है। एक वरिष्ठ चीनी मंत्री ने अफगान की स्थिति के बारे में चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि आईएसआईएस और अल-कायदा सहित आतंकवादी समूह इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए उपयोग कर रहे हैं। चीनी सहायक विदेश मंत्री वू जियानघाओ ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी परिदृश्य और अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों के पुनरुत्थान में बड़े बदलाव देखे गए हैं। उन्होंने कहा, ₹अफगानिस्तान की स्थिति और भी जटिल होती जा रही है। आईएसआईएस, अल-कायदा और ईटीआईएम सहित आतंकवादी समूह अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए इस क्षेत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं। वे वहां अराजकता फैला रहे हैं।₹

अपने संबोधन के दौरान वू जियानघाओ ने कहा, चीन का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए हाथ मिलाना चाहिए। उन्होंने कहा, ₹सबसे पहले, हमें जागरूकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। दूसरा, हमें संयुक्त राष्ट्र द्वारा निभाई गई केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करने की आवश्यकता है। तीसरा, हमें विकासशील देशों में क्षमता निर्माण को मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके अलावा हमें नए आतंकवादी खतरों और विचारधाराओं से निपटने की जरूरत है।

आतंकवाद विरोधी एजेंसियों के जिम्मेदार अधिकारी के साथ-साथ रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, अफगानिस्तान, मलेशिया, कजाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण अफ्रीका सहित 17 देशों के आतंकवाद विरोधी क्षेत्र के विशेषज्ञ और विद्वान ने सम्मेलन में हिस्सा लिया। मिस्र और ब्राजील ने भी वीडियो लिंक के माध्यम से सम्मेलन में भाग लिया। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने वालों ने सहमति व्यक्त की कि आतंकवाद मानवता का एक साझा दुश्मन है और विश्व शांति और सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है।

### अफगान में तालिबान का तानाशाही आदेश, पुरुष रिश्तेदार के बिना लंबी यात्रा पर नहीं जा सकती महिलाएं

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद महिलाओं के मानवाधिकारों के हनन की बात सामने आती रही है। पहले छात्रों के स्कूल जाने को लेकर तो अब महिलाओं के लंबे सफर पर जाने को लेकर तालिबान का असली चेहरा पूरी दुनिया के सामने आ गया है। दरअसल, अफगानिस्तान में तालिबान अधिकारियों ने रविवार को कहा कि लंबी दूरी की यात्रा करने वाली महिलाओं को तब तक यातायात सुविधा प्रदान नहीं की जाए जब तक कि उनके साथ कोई करीबी पुरुष रिश्तेदार मौजूद न हो। शिष्टाचार से जुड़े मंत्रालय की ओर से जारी गाइडलाइंस में सभी वाहन मालिकों से हिजाब पहनने वाली महिलाओं को ही बैठाने का निर्देश दिया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता सादिक अकिफ मुहाजिर ने रविवार को न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि 45 मील (72 किलोमीटर) से अधिक की यात्रा करने वाली महिलाओं केस थ। उनके परिवार के सदस्य या फिर रिश्तेदार साथ नहीं है तो उन्हें यातायात की पेशकश नहीं की जानी चाहिए।

## एअरबस ए380ः अरबों डॉलर के सपने का अंत




**नई दिल्ली।** आखिरी एयरबस ए380 की डिलीवरी के साथ ही इसके अंत की घोषणा हो गई. कभी यात्रा के भविष्य के रूप में देखा जाने वाला दुनिया का सबसे बड़ा विमान फ्लॉप हो गया. लेकिन विमान निमार्ता के लिए, यह अभी भी काम में लाए जाने लायक था.अमीरात एयरलाइंस के अध्यक्ष सर टिम क्लार्क ने इस सप्ताह एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हैम्बर्ग में रहने का इरादा किया था. और यह कार्यक्रम था- एयरबस ए380 की आखिरी डिलीवरी. यह इस श्रृंखला का 251वां विमान था और अब यह आखिरी भी बन गया है. दुबई की इस विमानन कंपनी की ओर से कुल 123 विमानों का ऑर्डर दिया गया था. यदि ये ऑर्डर न मिले होते तो इनका निर्माण पहले ही बंद कर दिया गया होता, फिर भी साल 2019 में यह घोषणा की गई कि विमान का उत्पादन 2021 में बंद कर दिया जाएगा. लेकिन उद्योग जगत के दिग्गज 72 वर्षीय क्लार्क के लिए अपने पसंदीदा विमान के बारे में यह घोषणा करना आसान नहीं रहा. किसी ने भी ए380 पर उतना दृढ़ विश्वास नहीं किया जितना कि क्लार्क ने किया था. क्लार्क ने शुरू में ही मान लिया था कि दुनिया का सबसे बड़ा विमान दुबई के माध्यम से पूरी दुनिया को जोड़ने के अपने व्यापार मॉडल के लिए तैयार किया गया था. इसके अमीरात संस्करण में 615 यात्रियों के लिए जगह थी. क्लार्क ने ही यह दिखाने के लिए सारा जोर लगाया था कि एयरबस के ऊपरी डेक के सामने ठीक उसी जहग पर दो शावर लगाना संभव था जहां वह चाहते थे. लेकिन बाद में एयरबस और उसके इंजन निमार्ताओं ने अधिक कुशल इंजनों के साथ एक बेहतर संस्करण विकसित करने के विचार को अस्वीकार कर दिया.

ये चार इंजन अधिक ईंधन खाने वाले वो इंजन हैं जिन्होंने बहुत पहले अधिकांश ऑपरेटरों के लिए ए380 को खचीर्ला बना दिया था. उत्सव की कोई योजना नहीं टिम क्लार्क ए380 की आखिरी डिलीवरी का जश्न उस धूमधाम से नहीं मना पाए जिसकी उन्हें उम्मीद थी. एयरबस कंपनी ने एक प्रोग्राम के अंत का जश्न मनाने के विचार को खारिज कर दिया और फिर जर्मनी में महामारी की स्थिति ने ऐसी किसी भी कोशिश पर पानी फेर दिया. डीडब्ल्यू से बातचीत में टिम क्लार्क ने बताया, ₹एअरबस के सीईओ गिलोम फॉरी ने मुझसे कहा कि इस चीज ने हमारे जीवन को वास्तविक उड़ान दी है।

**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506